रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 125] नई दिल्ली, शुक्रवार, जून 16, 2006/ज्येष्ठ 26, 1928
No. 125] NEW DELHI, FRIDAY, JUNE 16, 2006/JYAISTHA 26, 1928

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

(वाणिज्य विभाग)

(पाटनरोधी एवं संबद्ध शुल्क महानिदेशालय)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 15 जून, 2006

अंतिम जांच परिणाम

विषय : यूरोपीय संघ, यूएसए, चीन जन. गण. और ब्राजील से एथिलीन-प्रोपिलीन-नॉन-कानजुगेटेड डाइन रबड़ (ईपीडीएम) के आयात संबंधी पाटनरोधी जांच के अंतिम जांच परिणाम

फा. सं. 14/18/2004-डीजीएडी.—1995 में यथासंशोधित सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 (जिसे एतद्पश्चात् अधिनियम कहा गया है) और सीमाशुल्क टैरिफ (पाटित वस्तुओं की पहचान, उन पर पाटनरोधी शुल्क या अतिरिक्त शुल्क का आकलन एवं संग्रहण तथा क्षति निर्धारण) नियमावली, 1995 (जिसे एतद्पश्चात् नियमावली कहा गया है) को ध्यान में रखते हुए;

क. पृष्ठभूमि एवं जांच शुरुआत

1. जबकि उपर्युक्त नियमों को ध्यान में रखते हुए निर्दिष्ट प्राधिकारी (जिन्हें एतद्पश्चात् प्राधिकारी कहा गया है) ने मै. यूनिमर्स इंडिया लि. (जिन्हें एतद्पश्चात् आवेदक कहा गया है) द्वारा दायर पूर्णत: दस्तावेजयुक्त आवेदन जिसमें यूरोपीय संघ, यूएसए, ब्राजील और चीन जन. गण. (जिन्हें एतद्पश्चात् संबद्ध देश/क्षेत्र कहा गया है) के मूल की अथवा वहां से निर्यातित एथिलीन-प्रापिलीन-नॉन-कॉनजुगेटेड डाइन रबड़ (डीपीडीएम) के पाटन और उनको हुई क्षति का आरोप लगाया गया है के आधार पर कथित पाटन की मौजूदगी, मात्रा और प्रभाव का निर्धारण करने तथा पाटनरोधी शुल्क की उस राशि की सिफारिश करने, जिसे यदि लागू किया जाए तो वह घरेलू उद्योग को हुई क्षति को समाप्त करने के लिए पर्याप्त होगी, के लिए उक्त नियमावली के उप-नियम 5(5) के अनुसार भारत के राजपत्र असाधारण में दिनांक 28 अप्रैल, 2005 को प्रकाशित अधिसूचना द्वारा पाटनरोधी जांच की शुरुआत की थी।

ख. प्रक्रिया

2. जांच शुरुआत के बाद इस जांच के संबंध में निम्नांकित प्रक्रिया का पालन किया गया है :

(i) निर्दिष्ट प्राधिकारी ने दिनांक 28 अप्रैल, 2005 की जांच शुरुआत संबंधी अधिसूचना की प्रतियां भारत में स्थित संबद्ध देशों/क्षेत्रों के दूतावासों/प्रतिनिधियों, उपलब्ध सूची के अनुसार

संबद्ध देश के ज्ञात निर्यातकों, आयातकों और घरेलू उद्योग को भेजी और उनसे जांच शुरूआत संबंधी अधिसूचना की तारीख के 40 दिन के भीतर अपने विचारों से अवगत कराने के लिए अनुरोध किया ।

(ii) संबंधित नियम 6(3) के अनुसार घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत किए गए आवेदन के अगोपनीय अंश की प्रतियाँ संबद्ध देशों/क्षेत्रों के ज्ञात निर्यातकों और दूतावासों/उच्चायोगों को उपलब्ध कराई गई थी ।

(iii) नियम 6(2) के अनुसार नई दिल्ली में संबद्ध देशों/क्षेत्रों के दूतावासों/उच्चायोगों/प्रतिनिधियां को इस अनुरोध के साथ जांच शुरूआत की सूचना दी गई कि वे अपने देशों/क्षेत्रों के निर्यातकों/उत्पादकों से निर्धारित समयावधि के भीतर प्रश्नावली का उत्तर देन का अनुरोध करें । निर्यातक को भेजे गए पत्र, अगोपनीय आवेदन और प्रश्नावली की एक प्रति भी ज्ञात निर्यातकों/उत्पादकों की सूची के साथ संबद्ध देशों/क्षेत्रों के दूतावासों/उच्चायोगों को भजी गई थी ।

(iv) प्राधिकारी ने नियम 6(4) के अनुसार, संगत सूचना हासिल करने के लिए संबद्ध देशों के निम्नलिखित ज्ञात निर्यातकां को प्रश्नावली भेजी :

1. मै. ड्यूपोंट डो इलास्टोमर एल. एल. सी. यूएसए
2. मै. एक्सोन माबिल कैमिकल कंपनी
3. मै. क्रॉम्प्टन कार्पोरेशन-यूनिरोयल कैमिकल, यूएसए
4. मै. डीएसएम इलास्टोमर बीवी, नीदरलैंड्स
5. मै. बायर इंडस्ट्री प्रोडक्ट जीएमबीएच, जर्मनी
6. मै. एक्सोम मोबिल कैमिकल यूरोप, बेल्जियम
7. मै. जिलिन सिटी जिनलांग इंडस्ट्रियल कंपनी, चीन जन. गण.
8. मै. डीएसएम इलास्टोमर; ट्रीउन्फो, ब्राजील

(v) जांच शुरूआत संबंधी प्रश्नावली के उत्तर में संबद्ध देशों/क्षेत्रों के निम्नलिखित निर्यातकों से उत्तर प्राप्त हुए हैं :

1. मै. डीएसएम इलास्टोमर यूरोप, नीदरलैंड, विनिर्माता निर्यातक
2. मै. डीएसएम सिंगापुर इंडस्ट्रियल पीटीई लि., डीएसएम यूरोप और डीएसएम ब्राजील द्वारा विनिर्मित ईपीडीएम का निर्यातक

इस जांच में शामिल किसी अन्य देश से प्रश्नावली का उत्तर नहीं मिला है ।

(vi) प्राधिकारी ने विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों के अगोपनीय अंश को हितबद्ध पक्षकार के निरीक्षण हेतु सार्वजनिक फाइल के रूप में खुला रखा ।

(vii) प्राधिकारी ने विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के संबंध में उनक गोपनीय संबंधी दावों की जांच की है । वह सूचना जिसकी प्रकृति गोपनीय है और इसे इसके अगोपनीय सारांश के साथ हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर प्रस्तुत किया गया है, उसे गोपनीय माना गया है । इस जांच में *** चिह्न घरेलू उद्योग द्वारा गोपनीय आधार पर प्रस्तुत प्रस्तुत सूचना को दर्शाता है और प्राधिकारी द्वारा नियमों के अंतर्गत इसे गोपनीय

माना गया है । घरेलू उद्योग ने अपने 22 अगस्त, 2005 क पत्र द्वारा अपनी क्षति संबंधी सूचना का संशोधित अगोपनीय प्रकटन प्रस्तुत किया है और इसे इन जांच परिणामों में शामिल किया गया है ।

(viii) जांच की शुरूआत के उत्तर में हितबद्ध पक्षकारों की टिप्पणियों को रिकार्ड में रखा गया है और प्राधिकारी ने इन जांच परिणामों में इनमें उठाए गए मुद्दों की जांच की है ।

(ix) प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग समेत हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत सूचना का संभव सीमा तक सत्यापन प्राधिकारी की संगत प्रक्रिया के अनुसार घरेलू उद्योग की क्षतिरहित कीमत के निर्धारणार्थ किया गया था ।

(x) प्राधिकारी ने सभी हितबद्ध पक्षकारों को उनक विचार प्रस्तुत करने का अवसर देने के लिए दिनांक 31 अक्तूबर, 2005 को सार्वजनिक सुनवाई के दौरान पक्षकारों द्वारा किए गए मौखिक अनुरोधों के लिखित रूप को जांच के प्रयोजनार्थ रिकार्ड में रखा गया है ।

(xi) संबंधित नियमावली के नियम 16 के अनुसार, इन जांच परिणामों के लिए विचार किए गए आवश्यक तथ्यों और निर्धारण के आधार को दिनांक 1 मई, 2006 क पत्र में सामान्य प्रकटन और शामिल पक्षकारों के गोपनीय प्रकटनों द्वारा ज्ञात निर्यातकों को बताया गया था । कुछेक हितबद्ध पक्षकारों ने प्रकटन के उत्तर में अपनी टिप्पणियाँ प्रस्तुत करने के लिए समय सीमा बढ़ाने का अनुरोध किया था और प्राधिकारी ने उन्हें टिप्पणियां प्रस्तुत करने के लिए अतिरिक्त समय दिया । पक्षकारों से प्रकटन के उत्तर में प्राप्त टिप्पणियों पर उस सीमा तक विचार किया गया है जहां तक ये विभिन्न पक्षकारों द्वारा दिए गए तर्क एवं दावे इनके साक्ष्यों एवं आंकड़ों से परिपुष्ट होते हैं ।

(xii) जांच 1.10.2003 से शुरू होकर 30.9.2004 (जांच अवधि) तक की अवधि में की गई थी । तथापि, क्षति संबंधी जांच 2000-01, 2001-02, 2003-04 और जांच अवधि के लिए की गई थी ।

(xiii) संक्षिप्तता की दृष्टि से विभिन्न पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत तर्कों और तथ्यों का संक्षेपण किया गया है और संभव सीमा तक इन जांच परिणामों में शामिल किया गया है । पक्षकारों के वह तर्क एवं अनुरोध जिनपर प्रकटन विवरण में पहले ही संभव सीमा तक विचार किया गया है, का दोहराया नहीं गया है । तथापि, प्रस्तुत किए गए सभी तर्कों तथा आवश्यक तथ्यों को रिकार्ड में रखा गया है और इन पर जांच परिणामों में उचित ढंग से विचार किया गया है ।

ख.1. जांच हेतु हितबद्ध पक्षकार

3. प्राधिकारी के रिकार्डों के अनुसार निम्नलिखित पक्षकारों ने इस जांच में अपने को हितबद्ध पक्षकार के रूप में बताया है :

(क) **प्रतिवादी निर्यातक**

1. मै. डीएसएम इलास्टमियर, यूरोप, नीदरलैंड, संबद्ध वस्तु का विनिर्माता;
2. मै. डीएसएम सिंगापुर इंडस्ट्रियल पीटीई लि., डीएसएम यूरोप और डीएसएम ब्राजील द्वारा विनिर्मित ईपीडीएम का निर्यातक

(ख) अन्य निर्यातक

संबद्ध देशों/क्षेत्रों के निम्नलिखित निर्यातकों ने प्रश्नावली का उत्तर देने के लिए प्रारंभिक प्राधिकरण किया था लेकिन इन्होंने इसे प्रस्तुत नहीं किया है :

1. मै. एक्सोन मोबिल कैमिकल्स कंपनी, यूएसए
2. मै. एक्सोन मोबिल कैमिकल्स कंपनी, फ्रांस
3. मै. एक्सोन मोबिल कैमिकल्स कंपनी, एशिया पैसिफिक, सिंगापुर
4. मै. ड्यूपोंट डो इलार-टोमियर्स, यूएसए ने प्रश्नावली के उत्तर क बिना जांच का विरोध करते हुए केवल एक संक्षिप्त अनुरोध प्रस्तुत किया है ।
5. मै. लेंक्सेस जीएमबीएच और मै. लेक्सेस कार्पोरेशन न सूचित किया है कि वे भारत को उनके निर्यातों की अल्प मात्रा को ध्यान में रखते हुए जांच में हिस्सा नहीं लेने की इच्छा जतायी है ।
6. मै. डीएसएम इलास्टोमियर ब्राजील ने प्रश्नावली के अपने उत्तर के लिए समायावधि बढ़ाने का अनुराध किया लेकिन फिर भी इसे प्रस्तुत नहीं किया और इसके बजाय जांच शुरूआत के विरोध का एक पत्र प्रस्तुत किया है ।
7. चीन जन. गण. से कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है ।
8. मै. डो यूरोप जी एम बी एच और डो- कैमिकल पैसिफिक (सिंगापुर पीटीई लि. ने पत्र प्रस्तुत किया है जिसमें बताया गया है कि ड्यूपोंट और डो के बीच संयुक्त उद्यम की समाप्ति के कारण वे वर्तमान जांच में पूर्णतः हिस्सा नहीं ले सकते हैं । तथापि, वे जांच में हितबद्ध पक्षकार हैं और वे इसी व्यवहार की इच्छा रखते हैं ।)

(ग) आयातक

निम्नलिखित आयातकों और अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने अपने प्रश्नावली संबंधी उत्तर और अन्य अनुरोध प्रस्तुत किए हैं :

मै. अपोलो टायर्स
मै. बिरला टायर्स
मै. सिएट लि.
मै. जे के इंडस्ट्रीज लि.
मै. एम आर एम लिमिटेड
मै. आनन्द निशिकावा कं. लि.
मै. मेटजेलर ऑटोमोटिव प्रोफाइल्स इंडिया
मै. रूप पॉलीमर्स
मै. नेशनल इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज लि.

(घ) अन्य हितबद्ध पक्षकार

निम्नलिखित हितबद्ध पक्षकारों ने भी इस मामले में जांच का विरोध करते हुए अपने प्रारंभिक अनुरोध प्रस्तुत किए हैं :

1. ऑटोमोटिव कंपोनेंट मेन्युफेक्चरर्स एसोसिएशन (एटीएमए) इंडिया (एसीएमए)
2. आटोमोटिव टायर मेन्युफेक्चरर्स एसोसिएशन (एटीएमए)

3. अखिल भारतीय रबड़ उद्योग एसोसिएशन
4. मै. पल्सर रबड़ मेन्युफेक्चरिंग कं. प्रा. लि.
5. रसायन एवं संबद्ध उत्पाद निर्यात संवर्धन परिषद

तथापि, उपर्युक्त नामित टायर एवं प्रोफाइल विनिर्माताओं को छोड़कर किसी अन्य हितबद्ध पक्षकार ने प्रश्नावली का उत्तर नहीं दिया है ।

ग. विचाराधीन उत्पाद और वर्गीकरण

4. वर्तमान याचिका में विचाराधीन उत्पाद एथिलीन-प्रोपिलीन नॉन कानगुगेटेड डाइन रबड़ (ईपीडीएम) है । ईपीडीएम एक सिंथेटिक रबड़ है और ईपीडीएम की तकनीकी विशेषताएं मोटे तौर पर एथिलीन, प्रोपिलीन और डाइन की मात्रा तथा मूनी विस्कोसिटी द्वारा शासित होती हैं । एथिलीन, प्रोपिलीन तथा डाइन मात्रा और/या मूनी विस्कोसिटी में अंतर करके ईपीडीएम रबड़ के अलग-अलग ग्रेडों का उत्पादन किया जा सकता है । ईपीडीएम को सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 के अध्याय 40 के अंतर्गत चार अंकीय स्तर पर उप शीर्ष सं. 4002.70 के अंतर्गत सिंथेटिक रबड़ के रूप में श्रेणीबद्ध किया जाता है । यह भी अनुरोध किया गया है कि इन वस्तुओं की निकासी शीर्ष सं. 38249000, 39019000 और 40021900 के अंतर्गत भी की गई है । तथापि ये सीमाशुल्क वर्गीकरण मात्र सांकेतिक हैं और जांच के कार्यक्षेत्र पर किसी भी तरह से बाध्यकारी नहीं हैं ।

5. ईपीडीएम रबड़ का प्रयोग प्राथमिक रूप से रबड़ प्रोफाइल्स, ऑटोमोटिव टायरों और ट्यूबों, केबलों होजों और आटोमोबाइल कलपुर्जों में प्रयुक्त माउल्डेड मदों में किया जाता है । एथिलीन, प्रोपिलीन और डाइन मात्रा तथा मूनी विस्कोसिटी एवं अन्य विशेषताएं केवल उन सामान्य विशेषताओं को बताती है जिनके लिए ईपीडीएम की खपत होती है । ईपीडीएम रबड़ विभिन्न ग्रेडों का हो सकता है और इसकी आपूर्ति विभिन्न रूपों में की जा सकती है । इस जांच में सभी ग्रेडों तथा सभी रूपों में एथिलीन- प्रोपिलीन-नॉन- कानजुगेटेड डाइन रबड़ (ईपीडीएम) की सभी किस्में शामिल हैं ।

घ. समान वस्तु

घ.1. हितबद्ध पक्षकारों के विचार

6. हितबद्ध पक्षकारों ने प्रकटन विवरण के बाद की टिप्पणियों समेत अपने विभिन्न अनुरोधों में यह तर्क दिया है कि ईपीडीएम का उत्पादन एथिलीन, प्रोपिलीन और डाइन मात्रा तथा मूनी विस्कोसिटी के आधार पर विभिन्न किस्मों और ग्रेडों में किया जाता है और प्रत्येक ग्रेड का अपना विशिष्ट अंतिम उपयोग होता है । एक उत्पाद के रूप में ईपीडीएम का विभिन्न क्षेत्रों अर्थात आटोमोबाइल्स, निर्माण, तारों तथा केबल और अन्य औद्योगिकी अनुप्रयोगों में प्रयोग किया जाता है । ईपीडीएम के किसी विशिष्ट ग्रेड का प्रयोग उस अंतिम उपयोग पर निर्भर करता है जिसके लिए उस वस्तु को रखा गया है । ईपीडीएम के विशष्टतायुक्त वस्तु होने के कारण, उपभोक्ता के स्तर परर इसके प्रयोग में भिन्न- भिन्न आपूर्तिकर्ताओं द्वारा बनाए गए ईपीडीएम के प्रयोगों को पूरा करने के लिए उत्पादन प्रक्रिया के उचित समन्वय की अपेक्षा होती है । यह भी तर्क दिया गया है कि वाणिज्यिक एवं तकनीकी दृष्टि से ग्रेडों में अलग- अलग विशेषताएं एवं अनुप्रयोग हैं । उपभोक्ता की दृष्टि से कोई ग्रेड किसी और ग्रेड के साथ प्रतिस्थापनीय नहीं है । अतः उपभोक्ता के दृष्टिकोण से विभिन्न ग्रेड तकनीकी और वाणिज्यिक रूप से परस्पर प्रतिस्थापनीय नहीं हैं । केवल इसलिए कि ये

सभी ग्रेड ईपीडीएम की एक ही समूह से संबंधित है, यह स्वभावतः उचित नहीं है कि विभिन्न ग्रेडों को समान वस्तु माना जाए, जिसके परिणामस्वरूप पाटनरोधी शुल्क उन ग्रेडों पर भी लागू हा जाएगा जिनकी समान वस्तु का उत्पादन घरेलू उद्योग द्वारा नहीं किया जाता है । परिणामस्वरूप, जब तक घरेलू उद्योग उन ग्रेडों का उत्पादन नहीं करता है जो भारत में आयात किए जा रहे सभी ग्रेडों से तुलनीय और समकक्ष हों तब तक यह कहना गलत होगा कि ईपीडीएम के सभी भिन्न- भिन्न ग्रेड घरेलू उद्योग द्वारा विनिर्मित उत्पादों की तुलनात्मक दृष्टि से समान उत्पाद हैं ।

7. मै. डीएसएम ने आगे यह तर्क दिया है कि उनके द्वारा विकसित एवं पेटेंट कराए गए कुछेक ग्रेड, विशेष रूप से कंट्रोल्ड लांग चेन ब्रांचिंग (सीएल सीबी) ग्रेड शीत प्रतिरोधी विशेषताओं, कार्बन ब्लैक इनकार्पोरेशन दर, काले स्कोर्च के विरूद्ध प्रतिरोध, टूट फूट प्रतिरोध, कम्प्रेशन परीक्षण विशेषताओं की दृष्टि स परम्परागत ईपीडीएम से काफी अलग विशेषताएं दर्शाते हैं । इसलिए यह तर्क दिया गया है कि इन ग्रेडों को घरेलू उत्पादों की तुलना में समकक्ष ग्रेड नहीं माना जा सकता है । डीएसएम ने आगे यह तर्क दिया है कि जांच अवधि के दौरान उन्होंने भारत का ईपीडीएम के लगभग 15 भिन्न- भिन्न ग्रेडों का निर्यात किया है जिनके लिए घरेलू उद्योग के पास शायद केवल 6 ग्रेडों के लिए सैद्धांतिक समकक्ष उपलब्ध हैं । उन्होंने आगे यह तर्क दिया है कि उनके उत्पादों का अनुप्रयोग उच्च अंतिम अनुप्रयोगों जैसे आटोमोटिव प्रोफाइल्स में होता है और समान उत्पादों के मुद्दे के अलावा, संगतता, निष्पादन, गुणवत्ता और विश्वसनीयता जैसे अन्य मुद्दों पर भी विचार किया जाना चाहिए । अतः ग्रेड विभेद के उक्त तर्क के अलावा डीएसएम ने आगे तर्क दिया है कि बड़ी मात्रा में भारत को निर्यातित उनकी ऑफस्पेक सामग्रियाँ उनके द्वारा निर्यातित प्रमुख सामग्री से तकनीकी और वाणिज्यिक रूप से प्रतिस्थापनीय नहीं है । इस तर्क के समर्थन में निर्यातक ने बताया है कि उनकी प्रमुख सामग्री के उपभोक्ता, कुछ अपवादों को छोड़कर उनकी अपनी ऑफस्पक सामग्री का कभी प्रयोग नहीं करते और इसका कारण आटोमोटिव क्षेत्र की कड़ी गुणवत्ता अपेक्षाएं और प्रक्रिया में बदलाव तथा उनकी उत्पादन प्रक्रिया में ऑफस्पेक सामग्री के प्रहस्तन में अपेक्षित टूलिंग है । यह तर्क दिया गया है कि इन दोनों श्रेणियों के अलग- अलग अनुप्रयोग एवं अपेक्षाएं हैं और परिणामस्वरूप इनका प्रयोग स्थानापन्न के रूप में नहीं किया जा सकता है । प्रभारित कीमतों और प्राइन तथा आफस्पेक के लिए बाजार से यह स्पष्ट होगा कि इन दोनों की तुलना नहीं की जा सकती और उनके द्वारा निर्यातित आफस्पेक सामग्रियाँ घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित और आपूर्ति की गई सामग्री से प्रतिस्पर्धा नहीं करती हैं ।

8. अपने विभिन्न अनुरोधों में प्रयोक्ता उद्योगों ने अन्य बातों के साथ- साथ ये तर्क दिए हैं-

- कि ईपीडीएम का उत्पादन विभिन्न ग्रेडों में किया जाता है और प्रत्येक ग्रेड का अपना विशिष्ट प्रयोग है । उपभोक्ता की दृष्टि से कोई ग्रेड किसी और ग्रेड के साथ प्रतिस्थापनीय नहीं है । अतः उपभोक्ता के दृष्टिकोण से विभिन्न ग्रेड तकनीकी और वाणिज्यिक रूप से परस्पर प्रतिस्थापनीय नहीं हैं । केवल इसलिए कि ये सभी ग्रेड ईपीडीएम की एक ही समूह से संबंधित है, यह स्वभावतः उचित नहीं है कि विभिन्न ग्रेडों को समान वस्तु माना जाए, जिसके परिणामस्वरूप पाटनरोधी शुल्क उन ग्रेडों पर भी लागू हा जाएगा जिनकी समान वस्तु का उत्पादन घरेलू उद्योग द्वारा नहीं किया जाता है ।
- कि घरेलू उद्योग विदेशी उत्पादकों द्वारा उत्पादित और भारत को निर्यातित सभी ग्रेडों के समान वस्तु का उत्पादन नहीं करता है । अतः घरेलू उद्योग इन ग्रेडों के संबंध में किसी क्षति का दावा नहीं कर सकता है ।

- कि उन आयातित ग्रेडों की संख्या के संबंध में जिनकी समान वस्तु का उत्पादन घरेलू उद्योग करता है, घरेलू उत्पाद और आयातित उत्पादों की विशिष्टता काफी अलग है और इन दोनों को तुलनीय नहीं माना जा सकता है ।
- कि उन ग्रेडों की संख्या के मामले में जिनमें घरेलू उद्योग तुलनीय ग्रेडों का उत्पादन करता है अलग- अलग समय पर घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित और आपूर्ति किए गए उत्पाद की विशिष्टताओं में अंतर काफी अधिक है । यह कि इन दावों के समर्थन में उपभोक्ता उद्योग द्वारा रिकार्ड में घरेलू उद्योग के उत्पादनों के संबंध में अनेक गुणवत्ता संबंधी शिकायतें और संगतता संबंधी समस्याएं बताई गई हैं ।
- कि ईपीडीएम के विभिन्न ग्रेडों की भौतिक एवं रासायनिक विशेषता ग्रेड- दर- ग्रेड काफी अलग- अलग हैं और जहाँ तक उपभोक्ताओं का संबंध है इसके परिणामस्वरूप इनके भिन्न-भिन्न अंतिम अनुप्रयोग हैं ।
- कि समान वस्तु को उत्पादाकों तथा उपभोक्ताओं दोनों के दृष्टिकोणों से देखा जाना चाहिए । यह कि समान वस्तु कहे जाने वाले किसी उत्पाद के लिए, वह उत्पादक और उपभोक्ता दोनों के विचार से प्रतिस्थापनीय होना चाहिए ।

9. अपने प्रकटन विवरण के बाद के अनुरोधों में हितबद्ध पक्षकारों ने समान वस्तु के मुद्दे पर अपने दृष्टिकोण को दोहराया है । प्रोफाइल विनिर्माताओं ने यह स्पष्ट किया है कि जब एक समतुल्य एवं तुलनीय ग्रेड का प्रयोग प्रोफाइल उद्योग में किया जाता है तो उसमें प्रक्रिया मानदंडों तथा टूलिंग अपेक्षाओं में कोई परिवर्तन अपेक्षित नहीं होता है जो समकक्ष एवं तुलनीय नहीं होता, तो उसक प्रक्रिया मानदंडों में परिवर्तनों की आवश्यकता होती है और टूलिंग समायोजनों में काफी लागत आती है ।

10. टायर विनिर्माताओं ने आगे यह तर्क दिया है कि किसी टायर उत्पादक द्वारा स्थापित ग्रेडों से अन्य ग्रेडों में अपनी अपेक्षाओं को परिवर्तित करने में सक्षम होने से पहले एक लम्बी अनुमोदन प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है । अतः टायर उत्पादक के लिए रातोरात घरलू या आयातित सामग्री को बदलकर अपनाना व्यवहार्य नहीं है । यह तर्क दिया गया है कि प्रक्रिया मानदंडों या टूलिंग समायोजनों में परिवर्तन उपभोक्ताओं के लिए एक महंगी प्रक्रिया है और इसमें उत्पादन संबंधी घाटा भी होता है । दोनों प्रयोक्ता तबकों ने पूर्व में घरलू उद्योग की गुणवत्ता एवं आपूर्ति संबंधी अवरोधों का मुद्दा उठाया है ।

11. हितबद्ध पक्षकारों ने आगे यह तर्क दिया है कि घरेलू उद्योग ईपीडीएम के सभी ग्रेडों विशेष रूप से 30 से कम और 80 से अधिक मूनी विस्कोसिटी वाले ईपीडीएम 5 से अधिक डाइन मात्रा वाले ईपीडीएम का उत्पादन नहीं करता है । इसलिए यदि प्राधिकारी पाटनरोधी शुल्क लगान की सिफारिश करन का निर्णय लेते हैं तो इन ग्रेडों को शुल्क से बाहर रखना चाहिए या वैकल्पिक रूप से विचाराधीन उत्पाद के कार्यक्षेत्र को मूनी विस्कोसिटी और डाइन मात्रा की दृष्टि से सीमित कर देना चाहिए । ओक्सो अल्कोहल, हार्ड फेराइट रिंग चुम्बक और समुद्र जलीय मैग्नीशिया क मामलों में अपीलीय निर्णयों का उल्लेख करते हुए, हितबद्ध पक्षकारों ने यह तर्क दिया है कि उन ग्रेडों पर पाटनरोधी शुल्क लागू करना न्यायोचित नहीं है (क) विदेशी उत्पादकों द्वारा जिनका उत्पादन किया जाता है पर इनका निर्यात नहीं किया जाता (ख) जिनका भारत को निर्यात किया जाता है परन्तु घरेलू उद्योग द्वारा किसी समान वस्तु का उत्पादन नहीं किया जाता है ।

12. सहयोगी निर्यातक ने अपने प्रकटन विवरण के बाद के अनुरोधों में अन्य बातों के साथ- साथ यह तर्क दिया है कि समान उत्पाद के निर्धारण में तकनीकी प्रतिस्थापनीयता के अलावा घरेलू उद्योग के उत्पादां और आयातित उत्पादां के विनिर्देशनों और वाणिज्यिक प्रतिस्थापनीयता में अंतर पर विचार किया जाना चाहिए । यह तर्क दिया गया है कि समान वस्तु की परिभाषा इस बात को बिल्कुल स्पष्ट कर देती है कि ' समान वस्तु ' का अर्थ वह उत्पाद होंगे जो घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित उत्पादों के सभी प्रकार से समरूप या समान होंगे । ' सभी प्रकार से ' शब्दों से यह संकेत मिलता है कि समान वस्तु के बारे में किसी निष्कर्ष तक पहुंचने से पहले सभी संगत पहलुओं जैसे तकनीकी, वाणिज्यिक या अन्य कारकों (जिनमें तकनीकी विनिर्दिष्टताएं, वास्तविक विनिर्देशन, विश्वसनीयता, निष्पादन और गुणवत्ता संकल्पनाओं के अल्य पहलू शामिल है) पर विचार किया जाएगा । परिभाषा के दूसरे भाग पर केवल तभी विचार किया जाएगा यदि ऐसी कोई वस्तु नहीं हो । अतः घरेलू उत्पादकों द्वारा तुलनीय ग्रेडों की अनुपस्थिति में उन ग्रेडों, जिनका कोई समकक्ष ग्रेड घरेलू उद्योग के पास उपलब्ध नहीं है, को जांच से बाहर रखना चाहिए ।

घ.2. घरेलू उद्योग के विचार

13. घरेलू उद्योग ने यह तर्क दिया है कि ग्रेड विभेद पर विचार न करते हुए किसी विनिर्माता द्वारा उत्पादित ईपीडीएम की मूल भौतिक एवं रासायनिक विशेषताएं समान रहती हैं और संयंत्र और उपकरण में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन किए बिना उत्पादों को एक- दूसरे के स्थान पर प्रयोग किया जा सकता है, जैसाकि हितबद्ध पक्षकारों ने तर्क दिया है । यह तर्क दिया गया है कि ईपीडीएम के विभिन्न ग्रेडों का उत्पादन समान सामान्य कच्ची सामग्रियों से, मूलभूत उत्पादन प्रौद्योगिकी का प्रयोग करके और समान उत्पादन प्रक्रिया का प्रयोग करके किया जाता है । यह तर्क दिया गया है कि घरेलू उद्योग ईपीडीएम की सभी किस्मों और ग्रेडों का विनिर्माण करने में सक्षम है और घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित संबद्ध वस्तुओं और संबद्ध देशों से आयातित वस्तुओं में कोई अंतर नहीं है । भारतीय उद्योग द्वारा विनिर्मित एवं बेची गई संबद्ध वस्तुएं तथा संबद्ध देशां से आयातित वस्तुएं उत्पाद विशिष्टताओं, विनिर्माण प्रक्रिया और प्रौद्योगिकी, कार्य एवं प्रयोगों, कीमत निर्धारण वितरण एवं विपणन तथा वस्तुओं के टैरिफ वर्गीकरण जैसी विशेषताओं की दृष्टि से तुलनीय हैं । अंतिम प्रयोक्ता इनका एक दूसरे के स्थान पर प्रयोग कर रहे हैं । यह तर्क दिया गया है कि आयातकों का प्रश्नावली का उत्तर इस बात की पुष्टि करेगा कि समक्ष ग्रेडों का आयात किया जा रहा है और घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित ग्रेडों के साथ इनका एक दूसरे के स्थान पर प्रयाग किया जा रहा है । अतः घरेलू उत्पादों और आयातित उत्पादों को समान उत्पाद माना जाना चाहिए । इस संबंध में प्राधिकारी के पहले के जांच परिणामों की ओर ध्यान आकर्षित किया गया है जिसमें कोरिया जनवादी गणराज्य और जापान से आयातित वही उत्पाद शामिल है जिसमें प्राधिकारी ने यह माना है कि आयातित ग्रेड घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित ग्रेडों के समान वस्तु हैं ।

घ. 3 प्राधिकारी द्वारा जांच

14. प्राधिकारी ने आयात उत्पादों और घरेलूं उद्योग द्वारा विनिर्मित ई पी डी एम के बीच समानता के मुद्दे पर घरेलू उद्योग और अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विभिन्न तर्कों की जांच की है ।

15. पाटनरोधी नियमावली के नियम 2 (घ) के अनुसार "समान वस्तु" का तात्पर्य ऐसी वस्तु से है जो भारत मे पाटित किए जाने हेतु जांचाधीन वस्तु से सभी मामलों में समान अथवा एकरूप है अथवा ऐसी वस्तु की अनुपस्थिति में, दूसरी अन्य वस्तु जो यद्यपि सभी मामलों में समान नहीं है परंतु जिसकी विशेषताएं जांचाधीन वस्तुओं से काफी हद तक मेल खाती हो ।

16. ई पी डी एम एक पॉलिमर है जिसका उत्पादन एक विलायक माध्यम में विभिन्न उत्प्रेरकों की उपस्थिति में इथालिन और प्रॉपीलीन तथा एक तीसरे मोनेमर, डाइन (डी सी पी डी अथवा ई एन बी) के पॉलिमराइजेशन द्वारा किया जाता है । ई पी डी एम की विशेषताएं पॉलिमर और मूनी विस्कॉसिटी, जिससे सामग्री की बहाव क्षमता को मापा जाता है, में मौजूद इथीलीन, प्रॉपीलीन और डाइन तत्वों पर निर्भर होती है । मोनोमर्स और मूनी विस्कॉसिटी के तत्वों में विभिन्नताओं के आधार पर, समान उत्पादन प्रकिया का उपयोग करते हुए विभिन्न ग्रेडों वाले ई पी डी एम का उत्पादन किया जाता है । विभिन्न अनुप्रयोगों में ई पी डी एम के विभिन्न ग्रेडों की प्रयोज्यता इन मापदंडों के साथ अणु भार वितरण और उत्पाद घनत्व जैसे कुछेक अन्य तकनीकी मापदंडों पर निर्भर होती है । कुछेक अतिरिक्त निविष्टियों और प्रक्रिया नियंत्रणों के संयोजन से विशिष्ट उपयोगों के लिए कुछेक विशिष्ट ग्रेडों का उत्पादन भी किया जाता है ।

17. प्राधिकारी नोट करते हैं कि विश्व भर में विनिर्माता अलग-अलग ई/पी और डाइन तत्वों और मूनी विस्कॉसिटी वाले ई पी डी एम का उत्पादन करते हैं और उसके अनुसार उनके ग्रेडों का निर्धारण करते हैं । हितबद्ध पार्टियों ने विस्टालोन, रॉयलीन, नॉर्डेल जे एस आर, हलीनि, केल्टन बूना, ड्यूट्रल, मित्सुई, एस्परीन इत्यादि जैसे विश्व भर में उत्पाद के अधिकांश प्रमुख उत्पादकों का ग्रेड चार्ट तैयार किया है । इन ग्रेड चार्टों से इन उत्पादकों द्वारा विनिर्मित ई/पी और डाइन तत्वों तथा मूनी विस्कॉसिटी के विभिन्न संयोजनों का पता चलता है । किसी एक विनिर्माता द्वारा विनिर्मित ग्रेड, ई पी डी एम के दूसरे उत्पादक द्वारा विनिर्मित संयोजन से पूर्णतः मेल नहीं खाता है । जहां तक उत्पाद अनुप्रयोग का संबंध है, हितबद्ध पार्टियों द्वारा प्रस्तुत अनुप्रयोग चार्टों से यह भी प्रदर्शित होता है कि किसी ग्रेड विशेष के विभिन्न अनुप्रयोग हो सकते हैं और समान अनुप्रयोग के लिए काफी विभिन्नताओं वाले ई/पी और डाइन तत्वों और मूनी विस्कॉसिटी के विभिन्न ग्रेडों का उपयोग किया जा सकता है । उदाहरण के लिए टायर और ट्यूबों के विनिर्माण के लिए डी एस एम ग्रेडों 520 (ई-58 प्रतिशत, डी सी पी डी - 4.5, एम 46), 2630 ए (ई-67, ई एन बी -3, एम - 20), 578 जेड (ई-67, ई एन बी 4.3, एम 46), 27 (ई-54, ई एन बी 5, एम 70) का उपयोग किया जा सकता है । इसी प्रकार इन ग्रेडों का उपयोग कई अन्य अनुप्रयोगों में किया जा सकता है । इसी तरह दूसरे उत्पादकों के ग्रेड चार्टों की जांच से भी यह पता चलता है कि समान अनुप्रयोगों के लिए विभिन्न ग्रेडों का काफी हद तक उपयोग किया जा सकता है । जहां तक प्रयोक्ता का संबंध है, तैयार उत्पाद, प्रौद्योगिकी, विधि और उपकरणों के आधार पर उत्पादक उपलब्ध सूची में से ई पी डी एम के कुछ ग्रेडों का चुनाव कर सकता है । इससे यह पता चलता है कि आयातक देश के घरेलू बाजार में उपलब्ध वस्तुओं में से कोई भी वस्तु दूसरे के समान नहीं है । अतः समान वस्तु का निर्धारण, समान वस्तु की परिभाषा के दूसरे परन्तुक के आधार पर किया जाएगा और प्राधिकारी को आयातित और घरेलू उत्पादों की एकरूपता और प्रतिस्थापनीयता पर विश्वास करना होगा ।

18. इस जांच में भाग लेने वाले प्रयोक्ता उद्योग के तर्क दोहरी प्रकृति के हैं । प्रथमतः उन्होंने तर्क दिया है कि घरेलू उद्योग ई पी डी एम के सभी ग्रेडों का उत्पादन नहीं करता है और उसके पास विदेशी उत्पादाकों द्वारा विनिर्मित अधिकांश ग्रेडों के समतुल्य ग्रेड नहीं हैं । दूसरा, घरेलू उद्योग द्वारा आपूरित सामग्री के विनिर्देशनों की गुणवत्ता और संगतता एक महत्वपूर्ण मुद्दा है ।

19. जहां तक पहले तर्क का संबंध है, घरेलू उद्योग की उत्पाद सूची से यह पता चलता है कि वे ई पी डी एम के विभिन्न ग्रेडों का उत्पादन करते हैं,जैसा कि विश्व के अन्य सभी उत्पादकों द्वारा किया जाता है । मांग और उत्पाद विकास के आधार पर उत्पादक कुछेक ग्रेडों का विनिर्माण करते हैं और कुछेक ग्रेडों को विकसित अथवा चरणबद्ध रीति से समाप्त कर देते हैं । चूंकि विनिर्माण की प्रक्रिया और आधारभूत प्रौद्योगिकी समान है इसलिए उद्योग द्वारा कुछेक विशिष्ट ग्रेडों का विनिर्माण करने की क्षमता को नकारा नहीं जा सकता । डी एस एम जैसी अग्रणी विनिर्माताओं की उत्पाद रेंजों से भी यह प्रदर्शित होता है कि कुछेक ग्रेडों की चरणबद्ध समाप्ति की गई और नए ग्रेडों का विकास किया गया है । जहां तक घरेलू उद्योग और विदेशी उत्पादकों के उत्पादों की समरूपता और प्रौद्योगिकी - वाणिज्यिक प्रतिस्थापनीयता का संबंध है, जैसा कि पूर्व में नोट किया गया है, समान अनुप्रयोगों के लिए विभिन्न ग्रेडों के उपयोग और एक ग्रेड विभिन्न अनुप्रयोगों में उपयोग में काफी हद तक परस्पर व्यापन मौजूद है । घरेलू उद्योग ने दावा किया है कि निष्पादन मानदंडों के संदर्भ में उनके पास अधिकांश आयातित ग्रेडों का समान प्रतिस्थापन मौजूद है । घरेलू उद्योग के उत्पाद के गुण-दोषों की जांच की गई थी । घरेलू उद्योग के ग्रेड चार्ट से यह पता चलता है कि उनके द्वारा विनिर्मित ग्रेडों के समान अनुप्रयोग हैं । यह भी नोट किया गया है कि तकनीकी परिमाणों के संबंध में घरेलू उद्योग के पास कुछेक निर्यातकों द्वारा निर्यातित कुछेक विशेष विकासात्मक ग्रेडों को छोड़कर, देश में वर्तमान में आयातित हो रहे अधिकांश ग्रेडों के संबंध में समतुल्य ग्रेड मौजूद है । यद्यपि कुछेक ग्रेड अपने मानदण्डों के संदर्भ में एक-दूसरे से हुबहू मेल नहीं खाते हैं । घरेलू उद्योग द्वारा यह तर्क दिया गया है कि प्रक्रिया मानदण्डों में मामूली परिवर्तन के साथ इन ग्रेडों को तकनीकी रूप से प्रतिस्थापित किया जा सकता है ।

20. प्रयोक्ताओं ने घरेलू उद्योग द्वारा विनिर्मित ग्रेडों की संगतता और कार्य निष्पादन का मुद्दा उठाया है । यह तर्क दिया गया है कि गुणवत्ता और संगतता संबंधी समस्याओं के कारण तैयार उत्पाद के विनिर्माण हेतु घरेलू उत्पादों का उपयोग कठिन हो जाता है, क्योंकि ऐसी कच्ची सामग्री का इस्तेमाल करने से हर बार [illegible] के बदलने पर यौगिक की विधि और निष्कासन हेतु उपरणां में परिवर्तन करना अपेक्षित होगा । इस प्रक्रिया से अत्यधिक स्क्रैप उत्पन्न होने और उत्पादन में कमी आने के साथ-साथ तैयार उत्पादों की गुणवत्ता में भी असंगतता आएगी । तथापि वे इस बात को तकनीकी संदर्भ में स्पष्ट करने में सफल नहीं रहे हैं कि कैसे ई/पी/डी और मूनी का एक अलग परंतु मिलता-जुलता संयोजन समान तैयार उत्पाद की विशेषताओं को प्रभावित करेगा और किसी विकल्प का उपयोग क्यों नहीं किया जा सकता । कोई तकनीकी पुस्तिका या किसी अन्य प्रकार का साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है ।

21. जहां तक निर्यातक के इस तर्क का संबंध है की उनकी ऑफ-स्पेक सामग्री तकनकी एवं वाणिज्यिक रूप दोनों ही से घरेलू उद्योग के उत्पादों तथा उनकी अपनी प्रमुख सामग्री के साथ प्रतिस्थापनीय नहीं है, यह नोट किया गया है कि इस निर्यातक ने जांचावधि के दौरान अत्यंत कम कीमत पर ऑफ स्पेक सामग्री की एक बड़ी मात्रा का निर्यात किया है । यह तर्क दिया गया है कि उनके अपने प्रमुख ग्रेडों के ग्राहक भी कम दाम में बेची जा रही समान ग्रेडों वाले उनके ऑफ-स्पेक वस्तु नहीं खरीदते है, जिससे यह साबित होता है कि ये दोनों उत्पाद तकनीकी एवं वाणिज्यिक रूप से प्रतिस्थापनीय नहीं है । डी ई ए/डी ई ई ने प्रकटन पश्चात के अपने निवेदनों में तर्क दिया है कि इस तथ्य से कि भारत में एक ग्राहक (भले ही वो आई ई एम को आपूर्ति करता हो) केवल ऑफ स्पेक ही खरीदता है, डी ई ए/डी ई ई द्वारा दिए गए तर्कों का खण्डन नहीं होता है और इसलिए इस निष्कर्ष पर नहीं पहुँचा जा सकता कि ईपी डी एम के विभिन्न वर्ग प्रतिस्थापनीय है । संक्षेप में हितबद्ध पार्टियों ने यह तर्क दिया है कि ऑफ स्पेक सामग्री एक अलग वर्ग में आती है और प्रमुख वस्तु का विकल्प नहीं है ।

22. इस संबंध में ऑफ स्पेक सामग्री की भौतिक विशेषताओं की जांच की गई है । यह नोट किया गया है कि ऑफ स्पेक वह सामग्री है जो तैयार उत्पाद और/अथवा मूनी विस्कॉसिटी में इथीलीन/प्रॉपीलीन अथवा डाइन तत्व में भिन्नता, अथवा किसी ग्रेड विशेष हेतु निर्धारित किन्हीं अन्य परिमाणों के संदर्भ में प्रमुख ग्रेडों हेतु निर्धारित परिमाणों से अलग होती है । कई बार पैकेजिंग कमें त्रुटि अथवा निर्धारित समय से अधिक समय तक भण्डारण के कारण भी किसी उत्पाद को ऑफ स्पेक के रूप में वर्गीकृत कर दिया जाता है । यद्यपि उसमें प्रयुक्त सामग्री, प्रमुख वस्तु के विनिर्देशनों के अनुसार होती है । ई पी डी एम के उत्पादन के दौरान ऑफ स्पेक सामग्री की कुछ मात्रा का सामान्यतः सृजन होता है और संयंत्र के बंद हो जाने अथवा स्टार्ट अप प्रचालनों और ग्रेड में परिवर्तन के आधार पर प्रमुख सामग्री की तुलना में सृजित ऑफ स्पेक के अनुपात में उतार-चढाव आते हैं । प्राथमिक रूप से ऑफ स्पेक सामग्री की विशेषताएं सामान्यतः प्रमुख सामग्री की तरह हीं होती है, केवल कुछेक परिमाणों में उस परिमाण हेतु निर्धारित सीमा के संबंध में कुछ अंतर हो सकता है । अतः प्रमुख ग्रेड के समान होते हुए भी, ऑफ-स्पेक के परिमाण ई/पी/डी और मूनी के समान संयोजन के साथ कुछ अन्य ग्रेडों के अधिक निकट हो सकते हैं । भले ही ऑफ-स्पेक को उसके अपने प्रमुख ग्रेड के स्थान पर प्रतिस्थापित नहीं किया जा सकता, फिर भी निश्चित रूप से उसे समान परिमाणों वाले किसी अन्य ग्रेड के स्थान पर इस्तेमाल किया जा सकता है अथवा प्रतिस्थापित किया जा सकता है ।

23. अतः ऐसा प्रतीत होता है कि उत्पादों की उपलब्ध रेंज के भीतर ऑफ-स्पेक सामग्री की सामग्रियों के विभिन्न ग्रेडों के साथ व्यापक परस्पर प्रति स्थापनीयता है । निर्यातक के सौदेवार आंकड़ों से यह पता चलता है कि उनके एक प्रमुख ग्राहक ने जांचावधि के दौरान ऑफ-स्पेक ग्रेडों की एक बड़ी मात्रा की खरीद की है यद्यपि वे ओ ई एम खण्ड को भी सामग्री की आपूर्ति कर रहे हैं । यह भी नोट किया गया है कि प्रमुख ग्रेडों की अनुपलब्धता के कारण आपूर्ति में आई बाधा की स्थिति में, प्रयोक्ताओं द्वारा तैयार उत्पाद के उत्पादन हेतु प्रक्रिया में कुछ परिवर्तन के साथ ऑफ-स्पेक का कुछ अनुपात मिलाया जाता है । यह भी देखा गया है कि डी एस एम उत्पादों के एक प्रमुख खरीददार ने ऑफ-स्पेक को एक बड़ी मात्रा की खरीद की है जबकि वे आई ई एम और आफ्टर-सेल बाजारों, दोनों को सामग्री की आपूर्ति कर रहे हैं । तथापि ए टी एम ए ने प्रकटन पश्चात विवरण में यह स्पष्ट किया है कि इस उत्पादन ने बिजनेस प्रोफाइलों के उत्पादन में संपूर्ण ऑफ-स्पेक सामग्री लगा दी है ।

24. जहां तक विभिन्न समतुल्य ग्रेडों की प्रतिस्थापनीयता और प्रक्रिया में समायोजन की आवश्यकता, टूलिंग अपेक्षाओं और स्क्रैप संवर्धन का संबंध है यह नोट किया गया है कि समान उपयोग हेतु अधिकांश प्रयोक्ता दो अथवा तीन विनिर्माताओं द्वारा विनिर्मित कम से कम दो या तीन अलग-अलग ग्रेडों का उपयोग कर रहे हैं । इससे यह साबित नहीं होता है कि ग्रेडों को एक-दूसरे के स्थान पर बिल्कुल प्रतिस्थापित नहीं किया जा सकता । इससे इस बात को समर्थन मिलता है कि यद्यपि इन ग्रेडों को, ग्रेडों की एक रेंज के भीतर तकनीकी रूप से प्रतिस्थापित किया जा सकता है, फिर भी उत्पादन प्रक्रिया में कुछेक परिवर्तन करने की आवश्यकता हो सकती है । तथापि, इसमें प्रयोक्ता को अतिरिक्त लागत का वहन करना पड़ सकता है और प्रतिस्थापनीयता कम दामों पर उपलब्ध किसी वैकल्पिक ग्रेड के उपयोग के लागत लाभ विश्लेषण पर निर्भर होगी । तथापि प्रक्रिया नियंत्रण और टूलिंग में परिवर्तन, उत्पादों में काफी अंतर के साथ प्लास्टिक उद्योग का एक अहम हिस्सा है । अतः तकनीकी एवं वाणिज्यिक प्रतिस्थापनीयता के संबंध में हितबद्ध पार्टियों के तर्कों का कोई आधार नहीं है ।

25. यह नोट किया जा सकता है कि शामिल पार्टियों के विभिन्न तर्कों की जांच से यह पता चलता है कि यद्यपि अलग-अलग ग्रेडों के विनिर्देशनों के संदर्भ में घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित और बेची जा रही संबद्ध वस्तुओं और संबद्ध देशों/क्षेत्रों से आयातित वस्तुओं में अंतर है, परंतु वे प्रतिस्थापनीय उत्पाद है । प्रयोक्ता उद्योगों और व्यापारियों द्वारा अन्य उद्योगों को आपूर्ति हेतु उत्पादों का सीधे आयात किया जा रहा है । उपयोक्ता घरेलू और समान आयातित उत्पादों का एक दूसरे के स्थान पर उपयोग कर रहे हैं । अन्य देशों से समान उत्पाद के आयात से संबंधित एक समान मामले में प्राधिकारी द्वारा यह कहा गया है कि घरेलू उद्योग द्वारा विनिर्मित उत्पाद आयातित ई पी डी एम के समान उत्पाद है । अतः घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित उत्पाद और संबद्ध देशों/क्षेत्रों से आयातित उत्पाद, सभी प्रमुख विशेषताओं में एक समान हैं और नियमों के अनुसारा इसके अर्थ के भीतर इन्हें समान उत्पाद माना जाना चाहिए ।

26. शामिल पार्टियों के विभिन्न तर्कों की जांच से यह पता चलता है कि यद्यपि अलग-अलग ग्रेडों के विनिर्देशनों के संदर्भ में घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित और बेची जा रही संबद्ध वस्तुओं और संबद्ध देशों/क्षेत्रों से आयातित वस्तुओं में अंतर है, परंतु वे प्रतिस्थापनीय उत्पाद है । प्रयोक्ता उद्योगों और व्यापारियों द्वारा अन्य उद्योगों को आपूर्ति हेतु उत्पादों का सीधे आयात किया जा रहा है । उपयोक्त घरेलू और समान आयातित उत्पादों का एक दूसरे के स्थान पर उपयोग कर रहे हैं ।

27. हितबद्ध पार्टियों ने यह तर्क दिया है कि 30 से कम और 80 से अधिक मूनी विस्कॉसिटी वाले ई पी डी एम और 5 से अधिक डाइन तत्व वाले ई पी डी का विनिर्माण घरेलू उद्योग द्वारा नहीं किया जा सकता है और इसलिए इस पर पाटनरोधी शुल्क लागू नहीं किया जाना चाहिए । घरेलू उद्योग के उत्पादन आंकड़े की जांच से यह पता चला है कि घरेलू उद्योग ई पी डी एम के कम से कम ऐसे चार ग्रेडों का विनिर्माण करता है जिसकी इ एन बी मात्रा 5 प्रतिशत से अधिक और जिससे एच 555 ग्रेड की मूनी विस्कॉसिटी 80 प्रतिशत से अधिक होती है । अतः उपर्युक्त द्वारा तथ्यात्मक रूप से सही नहीं है । जहां तक निर्यातकों द्वारा विनिर्माता उन ग्रेडों का संबंध है जिनका निर्यात भारत को नहीं किया जाता है, यह देखते हुए कि विश्व भर में विभिन्न उत्पादको द्वारा विनिर्मित विभिन्न ग्रेडों में काफी अधिक प्रतिस्थापनीयता है, उन्हें जांचाधीन उत्पाद के दायरे से बाहर करना संभव नहीं होगा ।

28. हितबद्ध पार्टियों ने जांचाधीन उत्पाद और समान वस्तुओं के दायरे से कुछेक ग्रेडों को बाहर करने के संबंध में कई अपीलीय निर्णयों का उदाहरण दिया है । यह नोट किया जा सकता है कि दिए गए उदाहरणों में अपीलीय प्राधिकारी ने विवादास्पद उत्पादों के कुछेक निश्चित और विशिष्ट विशेषताओं अथवा परिमाणों के आधार पर शामिल अथवा बाहर किए जाने हेतु उत्पादों के समूहों अथवा प्रकारों पर निर्णय लिया था । वर्तमान मामले में मुद्दा विभिन्न उत्पादकों द्वारा विनिर्मित समान उत्पाद के कुछ ग्रेडों की प्रतिस्थापनीयता के संबंध में है जिन्हें उपयोग के समान रेंज के प्रयोजनार्थ समतुल्य अथवा प्रतिस्थापनीय ग्रेड माना जाता है । हितबद्ध पार्टियां अपने इस दावे के समर्थन में कोई उचित तकनीकी तर्क और साक्ष्य उपलब्ध नहीं करा पाई है कि ई पी डी एम के उत्पादकों द्वारा विनिर्मित समतुल्य अथवा काफी हद तक तुलनीय अलग-अलग ग्रेडों को उनकी उत्पादन प्रक्रिया में एक-दूसरे के स्थान पर उपयोग में नहीं लाया जा सकता है, यद्यपि प्रक्रिया नियंत्रण में परिवर्तन करने की आवश्यकता हो सकती है । अतः ऑक्सो अल्कोहल, हार्ड फेराइट मैग्नीशिया इत्यादि के संबंध में अपीलीय निर्णयों का उदाहरण देते हुए हितबद्ध पार्टियों के तर्कों का कोई आधार नहीं है ।

29. प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि अन्य देशों से समान उत्पाद के आयात से संबंधित एक समान मामले में प्राधिकारी द्वारा यह कहा गया है कि घरेलू उद्योग द्वारा विनिर्मित उत्पाद आयातित इ पी डी एम के समान उत्पाद है । अतः प्राधिकारी का मानना है कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित उत्पाद और संबद्ध देशें/क्षेत्रों से आयातित उत्पाद सभी प्रमुख विशेषताओं में एक समान है और नियम के अनुसार इसके अर्थ के भीतर इन्हें समान उत्पाद माना जाना चाहिए ।

ङ. घरेलू उद्योग की स्थिति और जांच की शुरूआत

30. याचिकाकर्त्ता, मै यूनीमर्स इंडिया लि0, मुम्बई भारत में संबद्ध वस्तुओं का एकमात्र उत्पादक है और भारत में संबद्ध वस्तुओं का संपूर्ण उत्पादन उसी के द्वारा किया जाता है । अतः भारतीय पाटनरोधी नियमों के अर्थ के भीतर याचिकाकर्त्ता "समान उत्पाद घरेलू उद्योग" है । इस याचिका को दायर करने हेतु याचिकाकर्त्ता के विचार पर याचिकाकर्त्ता द्वारा अप्रैल-सितम्बर, 2003 के दौरान किए गए कुछ आयातों के मामलों को छोड़कर किसी प्रकार का विवाद उठाया नहीं गया है । घरेलू उद्योग ने तर्क दिया है कि इन आयातों का घरेलू उद्योग के उत्पादन में एक बहुत छोटा हिस्सा है । ये आयात मूल्यांकन और उत्पाद विकास के प्रयोजनार्थ किए गए थे । प्राधिकारी ने मुद्दे की जांच की है और यह नोट किया है कि ये आयात जांचावधि में नहीं किए गए थे ।

31. प्रकटन पश्चात के अपे निवेदनों में ए टी एम ए ने तर्क दिया है कि घरेलू उद्योग संबद्ध वस्तुओं के निर्यातकों में से एक अर्थात् मै0 यूनिरॉयल से संबद्ध है और इसलिए वे इस जांच के प्रयोजनार्थ घरेलू उद्योग बनने के लिए अर्ह नहीं है । प्राधिकारी नोट करते हैं कि यूनिमर्स का संयंत्र जिसे पूर्व में हर्डीलिया यूनिमर्स लि0 के नाम से जाना जाता था, की स्थापना मै0 यूनिरॉयल, यू एस ए के तकनीकी सहयोग से वर्ष 1992 में की गयी थी और सहयोग करार के समाप्त होने के पश्चात यूनिरॉयल इस उद्यम से अलग हो गया है और तकनीकी ज्ञान के हस्तांतरण के लिए उसे शुल्क का भुगतान कर दिया गया है । कंपनी की कुल इक्विटी में यूनिरॉयल का हिस्सा 1.56 प्रतिशत है और बोर्ड में यूनिरॉयल के नामिति ने बोर्ड की किसी भी बैठक में हिस्सा नहीं लिया है । अतः यूनिमर्स के मामलों में निर्यातक का कोई नियंत्रक हित नहीं है, जिससे पाटनरोधी नियमों में फुटनोट 11 मे परिभाषित शब्द के अर्थों के भीतर किसी प्रकार की संबद्धता को स्थापित किया जा सके ।

32. उपर्युक्त को देखते हुए, प्राधिकारी मानते हैं कि नियम 2 (ख) के संदर्भ में याचिकाकर्त्ता इस जांच के लिए घरेलू उद्योग माने जाने के लिए अर्ह है और नियम 5 के अनुसार पाटनरोधी जांच के लिए याचिका दायर करने पर विचार करने का अधिकार भी रखते हैं ।

च. आयात मात्रा और न्यूनतम से कम सीमा

33. प्राधिकारी ने डी जी सी आई एंड एस द्वारा सूचित और घरेलू उद्योग सहित विभिन्न हितबद्ध पार्टियों द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना के आधार पर संबद्ध वस्तुओं के आयातों की मात्रा की जांच की है । घरेलू उद्योग ने आई बी आई एस, मुंबई जैसे गौण स्रोतों से भी आयात आंकड़े उपलब्ध कराए हैं और यह तर्क दिया है कि विवरण संबंधी समस्याओं और अलग-अलग शीर्षों के तहत त्रुटिपूर्ण वर्गीकरण के कारण डी जी सीं आई एंड एस द्वारा कुछेक आयात आंकड़े उपलब्ध नहीं कराए गए हैं । हितबद्ध पार्टियों ने प्रकटन पश्चात के अपने विवरणों में डी जी सी आई एंड एस के संक्षेपित आंकड़ों और प्रकटन विवरण में प्रयुक्त आंकड़ों के बीच असंगतता के मुद्दे को उठाया है । इस

संबंध में यह नोट किया जा सकता है कि इस जांच के प्रयोजनार्थ, कुछेक असम्बद्ध मदों की काट छांट के बाद डी जी सी आई एस आंकड़ों को अपनाया गया है और तदनुसार मात्रा और मूल्यां का निर्धारण किया गया है । यद्यपि सहयोगी निर्यातकों और आयातकों की सूचना के अनुसार वास्तविक आयातों की तुलना में इन आंकड़ों में कुछ अंतर है, तथापि संबद्ध वस्तुओं के सभी आयातकों और निर्यातकों से संपूर्ण आंकड़ों और सहयोग के अभाव में डी जी सी आई एस आंकड़ों को सर्वोत्तम उपलब्ध आंकड़ों के रूप में स्वीकार किया गया है । अतः विश्लेषण के प्रयोजनार्थ मात्रा और मूल्य में किसी प्रकार के परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है । इन आंकड़ों के अनुसार उल्लिखित देशों/क्षेत्रों के आयात, न्यूनतम सीमा से अधिक पाए गए हैं ।

छ. हितबद्ध पक्षकारों अन्य निवेदन तथा उठाए गए मुद्दे

छ.1 डी एस एम इलास्टोमर्स, यूरोप और डी एस एम सिंगापुर

34. मै0 डी एस एम इलास्टोमर्स ने अपने विभिन्न निवेदनों में यह तर्क दिया है कि ई पी डी एम बाजार में सामान्यतः कीमत निर्धारण को कम से कम वैश्विक भागीदारों के लिए वैश्विक माना जा सकता है अर्थात् एक समुचित लम्बी समयावधि के लिए, बड़े विचलनों को कायम नहीं रखा जा सकता है क्योंकि इससे ईष्टतमकारी यंत्रीकरण प्रारंभ होगा जिससे अपेक्षाकृत अधिक लाभकारी क्षेत्रों की वृद्धि होगी जिसके परिणामस्वरूप कीमत दबाव बढ़ने के साथ-साथ समग्र संतुलन फिर से कायम हो सकेगा । यूरोपीय बाजार जैसे कुछ बाजारों में कम गुणवत्ता वाले ई पी डी एम की मांग कम है और इनमें उच्चतर तकनीकी विशेषज्ञ सहायता और सेवाओं की अपेक्षा की जाती है । ई यू में बिक्री यूरो द्वारा की जाती है । यूरो ने की गई बिक्री के मूल्य को अमरीकी डॉलर में परिवर्तित करने उनकी तुलना करते हुए (चूंकि भारत को की गई निर्यात बिक्री अमरीकी डॉलर में थी) प्राधिकारी जांच अवधि के दौरान यूरो और अमरीकी डॉलर के बीच विनिमय दर के उतार-चढ़ाव को नोट कर सकते हैं । निर्यात कीमत के साथ सामान्य मूल्य की तुलना करते हुए प्राधिकारी को भौतिक विशेषताओं और अन्य अंतरों को भी ध्यान में रखना चाहिए जिनसे कीमत तुलनीयता पर प्रभाव पड़ता हो ।

छ. 2 मै0 एक्सॉन मोबिल, अमरीका, मै0 एक्सॉन, फ्रांस और मै0 एक्सॉन केमिकल्स एशिया पैसिफिक, सिंगापुर

35. मै0 एक्सॉन मोबिन सहित ऊपर उल्लिखित तीनों कंपनियों ने कहा है कि वे वर्तमान में भारत को संबद्ध वस्तुओं की बड़ी मात्रा का निर्यात नहीं करते हैं यद्यपि वे मानते हैं कि भारत एक अच्छा ई पी डी एम बाजार है । अतः उन्होंने प्रश्नावली का उत्तर दिए बिना, एक हितबद्ध पार्टी के रूप में इस जांच में भाग लिया है । उन्होंने अन्य बातों के साथ-साथ यह तर्क दिया है कि ----

- जांच की शुरूआत के समय घरेलू उद्योग की याचिका अपूर्ण थी चूंकि अगोपनीय रूपांतर में याचिकाकर्त्ता की लागत संबंधी सूचना का उल्लेख नहीं था । अतः अपूर्ण याचिका के आधार पर जांच शुरू नहीं की जानी चाहिए थी;
- याचिका दायर करने की अर्हता का निर्धारण करने के लिए याचिकाकर्त्ता द्वारा किए गए आयातों पर विचार किया जाना चाहिए;
- सामान्य मूल्य के निर्धारण और दावा किए गए विभिन्न परिमाणों सहित अनेक परिमाणों के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा अत्यधिक गोपनीयता का दावा किया गया है;

- क्षति संबंधी मानदण्डों से घरेलू उद्योग को होने वाली किसी वास्तविक क्षति का संकेत नहीं मिलता है क्योंकि घरेलू उद्योग को उत्पादन और बिक्री से उल्लेखनीय सुधार प्रदर्शित होता है और ब्राजील, ई यू और अमरीका से किसी प्रकार की कीमत कटौती नहीं हुई है ।

छ. 3 अखिल भारतीय रबड़ उद्योग एसोसिएशन

36. अखिल भारतीय रबड़ उद्योग एसोसिएशन ने अपने संक्षिप्त निवेदन में अन्य बातों के साथ साथ यह तर्क दिया है कि ---

- भारत में केवल एक कंपनी संबद्ध वस्तुओं के विनिर्माण में लगी हुई है तथा उनके द्वारा की जाने वालीं आपूर्ति अनियमित है और गुणवत्ता भी ज्यादा अच्छी नहीं है;
- घरेलू उद्योग ऑटोमोबाइल मैन्यूफैक्चरर्स द्वारा अपेक्षित विशेष ग्रेड ई पी डी एम की आपूर्ति करने की स्थिति में नहीं है;
- घरेलू उद्योग द्वारा उठाया जाने वाला घाटा उनकी अपनी अकुशलताओं और संसाधनों के खराब प्रबंधन के कारण हैं;
- घरेलू उद्योग ने संबद्ध उत्पादों का आयात किया है और इसलिए वे इस जांच की शुरूआत हेतु याचिका दायर करने के लिए अर्ह नहीं है;
- घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित ई पी डी एम, ई यू, अमरीका, चीन जन.गण. और ब्राजील से निर्यातित ई पी उ एम के "समान वस्तु" नहीं है जिनकी विशेषताएं और विनिर्देशन घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित ई पी डी एम से भिन्न हैं;
- अंतर्राष्ट्रीय कीमतों की तुलना में घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत अनुचित रूप से अधिक हैं;
- अतः कोई पाटन नहीं हुआ है और घरेलू उद्योग को कोई वास्तविक क्षति नहीं हुई है ।

छ.4 टायर और प्रोफाइल विनिर्माता

37. टायर और प्रोफाइल विनिर्माता ने अपने निवेदनों में अन्य बातों के साथ-साथ तर्क दिया है कि:

- कि घरेलू उद्योग द्वारा अपनी मूल याचिका में प्रस्तुत की गई सूचना त्रूटिपूर्ण थी और घरेलू उद्योग ने जांच की शुरूआत के पश्चात तदनन्तर संशोधित आंकड़े प्रस्तुत किए हैं । अतः इस प्रकार की त्रुटिपूर्ण सूचना के आधार पर शुरू की गई जांच को जारी नहीं रखा जाना चाहिए । यह तर्क दिया गया है कि मूल याचिका में नकारात्मक कीमत कटौती दर्शाई गई थी और कम कीमत पर हो रही बिक्री संबंधी दावे के आधार पर जांच शुरू की गयी थी । तथापि, याचिकाकर्त्ता द्वारा जांच की शुरूआत के पश्चात प्रस्तुत की गई संशोधित क्षति संबंधी सूचना में कीमत कटौती भी दर्शाई गई है, जिससे पता चलता है कि आंकड़ों में न सिर्फ सुधार किया गया है बल्कि उनमें परिवर्तन भी किया गया है । अतः याचिकाकर्त्ता द्वारा आंकड़ों/सूचना में किए गए परिवर्तन को स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए और प्राधिकारी द्वारा पूर्व में प्रस्तुत सूचना के आधार पर ही जांच जारी रखी जानी चाहिए ।
- कि मूल याचिका के अनुसार संबद्ध देशों से पाटित आयातों की नकारात्मक कीमत कटौती के कारण घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों संबंधी कोई कीमत प्रभाव नहीं पड़ा है ।

छ.5 घरेलू उद्योग

38. घरेलू उद्योग ने अपने निवेदनों में अन्य बातों के साथ-साथ यह तर्क दिया है कि न तो डब्ल्यू टी ओ और न ही जैसा भारत में विकसित किया गया है, के न्यायशास्त्र में ऐसा कोई प्रावधान है जिससे आंकड़ों मे जांच शुरूआत के पश्चात परिवर्तन करना प्रतिबंधित होता हो । मेक्सिको के ग्वाटेमाला ग्रे पोर्टलैंड सीमेंट के मामले में डब्ल्यू टी ओ पैनल के निर्णय को उद्धरित करते हुए घरेलू उद्योग ने तर्क दिया है कि जांच शुरूआत के स्तर पर घरेलू उद्योग की विस्तृत जांच पड़ताल अपेक्षित नहीं है परंतु इस स्तर पर प्रथम दृष्ट्या इस बात का साक्ष्य देना होता है कि याचिका में पाटित आयातों और कथित क्षति के बीच पाटन संबंधी क्षति और कारणात्मक संबंध के बारे में समर्थनकारी साक्ष्य हैं अथवा नहीं । यदि प्रारंभिक स्तर में उपलब्ध कराए गए आंकड़ों में त्रुटि थी भी, तो इसमें घरेलू उद्योग का कोई दुर्भावना पूर्ण आशय नहीं था और प्राधिकारी के पास पाटन, क्षति और दोनों के बीच कारणात्मक संबंध के पर्याप्त साक्ष्य हैं । यह तर्क दिया गया है कि कीमत कटौती, क्षति निर्धारण हेतु निर्णायक आधार नहीं है और किसी भी समय, सत्यापन के समय पाई गयी त्रुटि को सुधार लिया गया था और उचित रूप से सत्यापित आंकड़ों के आधार पर कीमत कटौती को सकारात्मक पाया गया है ।

छ.6 प्राधिकारी द्वारा जांच

39. जहां तक जांच शुरू करने के पश्चात घरेलू उद्योग के आंकड़ों में संशोधन से संबंधित मुद्दे का संबंध हैं, प्राधिकारी नोट करते हैं कि जांच घरेलू उद्योग द्वारा पाटन, क्षति एवं कारणात्मक संबंधों के संबंध में प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए गए प्रथम दृष्ट्या साक्ष्य के आधार पर शुरू की गई थी । वर्तमान मामले में कम कीमत पर बिक्री के आधार पर मामले की शुरूआत की गई थी और घरेलू उद्योग के आंकड़ों के सत्यापन के दौरान कतिपय त्रुटियां नोटिस की गई थीं और इन आंकड़ों के संशोधन से कीमत कटौती का भी संकेत मिला था । जांच में किसी हितबद्ध पक्षकार द्वारा उपलब्ध कराये गए आंकड़ों का सत्यापन करने के पश्चात कुछेक आंकड़ों में सुधार करना किसी भी जांच में एक सामानय स्थिति होती हैं । प्राधिकारी नोट करते हैं कि न तो नियमों में और न ही करार में किसी पाटनरोधी जांच में कतिपय परिवर्तनों के आधार पर जांच समाप्त करने का प्रावधान होता है जब तक इससे पाटन क्षति अथवा कारणात्मक संबंध का अभाव प्रदर्शित न होता हो । अतः इस संबंध मे हितबद्ध पक्षकारों के तर्कों को स्विकार नहीं किया जा सकता है ।

40. जहां तक घरेलू उद्योग की दक्षता एवं उत्पादन लागत का संबंध है प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग और सहयोगी निर्यातक की लागत का व्यापक रूप से सत्यापन किया है और लागत ढांचे से घरेलू उद्योग की स्थिति पर बहुत अधिक प्रभाव पड़ता हुआ मालूम नहीं होता है जैसाकि हितबद्ध पक्षों द्वारा दावा किया गया है ।

41. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा उठाए गए अन्य मुद्दों की संगत सीमा तक जांच की गई है और उन्हें इस जांच परिणाम में प्राधिकारी के विभिन्न विश्लेषणों में उपयुक्त स्थानों पर समाविष्ट किया गया है ।

ज. पाटन का निर्धारण

42. यूरोपीय संघ से केवल एक निर्यातक अर्थात् मै0 डीएसएम इलास्टामीयर यूरोप और उसके संबंधित निर्यातक, मै0 डीएसएम, सिंगापुर ने प्रश्नावली का पूर्ण उत्तर दाखिल किया है और अपने

सामान्य मूल्य और भारत को नियोत कीमत के संबध में सूचना प्रस्तुत की है । यूरोपीय संघ और अन्य संबद्ध देशों से किसी भी निर्यातक ने प्रश्नावली का कोई उत्तर अथवा अपने सामान्य मूल्य एवं भारत को निर्यात कीमत के संबंध में कोई सूचना दाखिल की है ।

ज.1 यूरोपीय संघ

43. जैसाकि ऊपर नोट किया गया है यूरोपीय संघ से केवल एक विनिर्माता अर्थात मै0 उएसएम इलास्टमीयर और उसके संबंधी निर्यातक मै0 डीएसएम, सिंगापुर ने ही प्रश्नावलियों के अपने जवाब दाखिल किए हैं । इसलिए यूरोपीय संघ के निर्यातों के संबंध में निर्यात कीमत और सामान्य मूलय का निर्धारण निम्नानुसार किया गया है:

ज.1.1 मै0 डीएसएम इलास्टमीयर, नीदरलैंड और डीएसए सिंगापुर

44. जवाब देने वाले निर्यातक (डीईई) और निर्यातक (डीईए) द्वारा यह दावा किया गया है कि डीईई द्वारा विनिर्मित वस्तुएं डीईई द्वारा भारत को सीधे नहीं बेची जाती है और डीएसएम इलास्टमीयर एशिया (डीईए) के व्यावसायिक नाम के अंतर्गत व्यापार करने वाली उनकी ग्रुप कम्पनी डीएसएम सिंगापुर इंडस्ट्रियल पीटीई लि0 भारत को निर्यातों के लिए जिम्मेवार है । निर्यातक के सामान्य मूल्य एवं भारत को निर्यात कीमत का निर्धारण करने के लिए इस सहयोगी निर्यातक द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रश्नावली के उत्तर और अन्य निवेदनों के आधार मौके पर जांच एवं सत्यापन किया गया था ।

(क) सामान्य मूल्य

45. डीईई, ईयू बाजार में संबद्ध वस्तुओं की अत्यधिक मात्रा की बिक्री करता है । इस जांच के प्रयोजनार्थ यूरोपीय संघ के भीतर बिक्रियों को उत्पाद के सामान्य मूल्य का निर्धारण करने के लिए घरेलू बाजार की बिक्रियों के रूप में मानने का प्रस्ताव है । जांच अवधि के दौरान घरेलू बाजार में संबद्ध वस्तु के कुल **** परेसणों (**** मी. टन) की बिक्री की गई थी । उपर्युक्त में से **** मी. टन का डीईई द्वारा अनुसंधान एवं विकास के प्रयोजनार्थ कैप्टिव रूप से उपभोग कर लिया गया था और **** मी. टन की एक संबद्ध पक्षकार अर्थात मै0 डीएसएम इंजीनियरिंग प्लास्टिक्स को बिक्री की गई थी । संबद्ध पक्षकार की कुल बिक्रियां समूची घरेलू बिक्रियों का लगभग **** % हैं और कोई बड़ा कीमत अन्तर नहीं देखा गया था । इसलिए सामान्य मूल्य के निर्धरण में समूची घरेलू बिक्रियों की जांच की गई थी । यह नोटिस किया गया था कि उन्होंने घरेलू बाजार में ईपीडीएम के लगभग कई भिन्न ग्रेडों की बिक्री की है और भारत को निर्यातित सभी ग्रेड उनके घरेलू बाजार में भी बेचे जाते हैं । चूंकि घरेलू बाजार की बिक्रियों में समान ग्रेड उपलब्ध हैं, सामान्य मूल्य के निर्धारण के प्रयोजनार्थ समान उत्पाद का निर्धारण आवश्यक नहीं है ।

46. उपर्युक्त ग्रेड़ों की बिक्रियां पर्याप्त मात्राओं में है और पास में है । इसलिए इस निर्यातक के सामानय मूल्य के निर्धारण के प्रयोजनार्थ केवल उन्हीं ग्रेड़ों पर विचार किया गया है जिनकी घरेल बाजार में बिक्री की गई है और जिन्हें भारत को निर्यात भी किया गया है ।

47. निर्यातक ने तर्क दिया है कि उनका आफ-स्पेक मुख्य सामग्री की तुना में एक भिन्न उत्पाद होने के कारण यह उत्पाद इसकी मुख्य सामग्री के समान वस्तु नहीं है क्योंकि यह उत्पाद अपनी मुख्य सामग्री

क साथ वाणिज्यिक और तकनीकी रूप से प्रतिस्पर्धा नहीं करता है । तथापि यदि प्राधिकारी मुख्य और आफ-स्पेक दोनों के लिए एक ही पाटन मार्जिन निर्धारित करने का निर्णय लेते हैं और क्षतिविश्लेषण संबंधी निष्कर्ष निकालने के लिए कार्यवाही करते हैं तो प्राधिकारी को अंतिम पाटन मार्जिन पर पहुँचने से पहले डीईई/डीईए द्वारा बेचे गए आफ-स्पेक के कारण नकारात्मक पाटन मार्जिन में क्रमगुणित करना चाहिए ।

48. प्राधिकारी नोट करते हैं कि ऑफ-स्पेक सामग्री का उत्पादन समान उत्पादन प्रक्रिया के द्वारा किया जाताह इनमें केवल एकमात्र अंतर संबंधित मुख्य ग्रेडों की तुलना में इसके कार्य निष्पादन के कतिपय मानदंडों में है । निर्धारित मानदंडों से विचलन के कारण बाजार की स्थिति पर निर्भर करते हुए ऑफ-स्पेक सामग्री की बाजार में कटौतीयुक्त कीमत होती है जबकि विनिर्माण की लागत उत्पादित समूचे बैंच में फैली होती है । कुदेक मानदंडों में विचलन के बावजूद ऑफ-स्पेक सामग्रियों की कम से कम द्वितीयक और बिक्री पश्चात बाजार खण्डों में अत्यधिक तकनीकी और वाणिज्यिक प्रतिस्थापनीयता है । इसलिए ऑफ-स्पेक और मुख्य सामग्रियों को समान वस्तुए माना गया है और तदनुसार ऑफ-स्पेक्स के लिए किसी अलग व्यवहार की आवश्यकता नहीं है ।

49. घरेलू बिक्रियां डीडीयू अथवा एफसीए शर्तों पर की गई है निर्यातक ने प्रत्यक्ष बिक्री व्ययों अर्थात कमीशन एवं छूट, भंडारण और अंतर्देशीय भाड़े तथा बीमा, समुद्री भाड़े एवं बीमा ऋण लागतों के लिए समायोजनों का दावा किया है जिनका उनके रिकार्डों से सत्यापन किया गया था ।

50. निर्यातक ने करार के अनुच्छेद 2.4 के अनुसार तकनीकी सेवाओं, अनुप्रयोग विकास और संबद्ध लागतों के संबंध में निवल करखानागत बिक्री कीमत निकालने के लिए यूरोपीय बाजार में वहन किए गए कतिपय अप्रत्यक्ष बिक्री व्ययों के लिए इन व्ययों के आधार पर समायोजन का दावा भी किया है जो यूरोपीय बाजार में अद्वितीय हैं और इस बाजार में कीमतों को प्रभावित करते हैं और इसलिए भारत सहित किसी भी बाजार के साथ कीमत सुसंगतता को प्रभावित करते हैं । इन व्ययों का उनके रिकोर्डों से सत्यापन भी किया गया था और स्वीकार्य समायोजनों की अनुमति देने के पश्चात जैसाकि ऊपर किया गया है, निवल कारखानागत सामान्य मूल्य का निर्धारण किया गया है ।

51. सामान्य मूल्य के निर्धारण के प्रयोजनार्थ बनाने और बिक्री करने के लिए कुल भारित औसत कीमत का निर्धारण उनकी लेखा पुस्तकों के अनुसार उत्पादक की सत्यापित उत्पादन लागत के आधार पर किया गया है जिसे कम्पनी की नई उतपादन लाइन का प्रचालन शुरू करने से संबंधित लागत के लिए विधिवत रूप से समायोजित किया गया है । मॉडल से मेल खाते सौदों को इस लागत के आधार पर व्यापार की सामान्य प्रक्रिया के अध्यधीन किया गया है । व्यापार की सामानय प्रक्रिया में बिक्रियों को पर्याप्त मात्रा में पाया गया है और इसलिए सामान्य मूल्य के निर्धारणार्थ स्वीकार किया गया है ।

(ख) निर्यात कीमतः

52. भारत को डीईई सामग्रो के समूचे निर्यात को डीइए द्वारा हैंडल किया जाता है । जांच अवधि के दौरान डीईए ने डीईई द्वारा उत्पादित केल्टन श्रृंखला इपीडीएम के **** विभिनन ग्रेड़ों के **** मी. टन के लिए भारत को किए गए **** परेषणों के बारे में बताया । तथापि, इस अवधि के दौरान भारत को डीईए के कुल निर्यात **** मी. टन के हुए थे जिसमें से **** मी. टन की डीईई संयंत्र से बिक्री की गई थी और शेष डीईबी (ब्राजील संयंत्र) से थे । चूंकि डीईबी इस जांच में भाग नहीं ले रहा है, इसलिए डीईई संयंत्र से बेची गई वस्तुओं के संबंध में सूचना केवल सत्यापन के लिए ही उपलब्ध करादी गई थी ।

53. उनकी सकल माल सूची कीमतों के सामने कंपनियों ने डीईई के कारखाना द्वार पर निबल निर्यात कीमत परिकलित करने के लिए डीईई(एफओबी से पहले) और बीईए(एफओबी के पश्चात्) किए गए विभिन्न प्रत्यक्ष बिक्री खर्चों के बारे में सूचना प्रदान की है । छूट और कमीशनों, ऋण लागतों और अस्थगित भुगतानों पर ब्याज, भण्डारन और प्रहस्तन प्रभार, अंतर्देशीय एवं समुद्री भाड़ा और बीमा से संबंधित समयोजनों की उनकी रिकार्डों से जांच की गई थी । तदनुसार, भारत को सीआईएफ कीमत का समायोजन नीदरलैंड में कारखाना बाह्य निर्यात कीमतों की गणना करने के लिए इन प्रत्यक्ष बिक्री खर्चों के लिए किया गया है ।

54. बीईए के रिकार्डो से यह भी देखा गया था कि कंपनी द्वारा एशिया में अपने समस्त ईपीडीएन व्यवसाय के लिए विभिन्न अप्रत्यक्ष बिक्री खर्चों के लिए अत्यधिक धनराशि खर्च की गई है और प्रति किग्रा. खर्च **** अमरीकी डालर परिकलित होता है । तदनुसार निबल कारखाना बाह्य निर्यात कीमतों की गणना करने के लिए कारखाना बाह्य कीमत पर **** अमरीकी डालर प्रति किग्रा. का समायोजन किया गया है ।

ग) पाटन मार्जिनः

55. नीदरलैंड में कारखाना द्वार स्तर पर निर्धारित निबल कारखाना बाह्य सामान्य मूल्य की तुलना व्यापार के उसी स्तर पर निबल कारखाना बाह्य निर्यात कीमतों के साथ की गई है । इस सहयोगी निर्यातक के लिए पाटन मार्जिन के भारित औसत के रूप में अनुमान लगाया गया है । तदनुसार, भारित औसत पाटन मार्जिन **** अमरीकी डालर प्रति किग्रा.(40.78%) परिकलित होता है ।

56. मैसर्स डीएसएम ने अपने प्रकटन के पश्चात् निवेदनों में यह कहा है कि यदि उनके विभिन्न निवेदनों में उनके द्वारा दावा किए गए सभी संगत समायोजनों पर उचित रूप से विचार किया जाए तो वास्तविक पाटन मार्जिन उस राशि से बहुत कम होगा जो प्राधिकारी द्वारा प्रकट की गई है । तथापि, यह नोट किया गया है कि पाटन मार्जिन का निर्धारण सभी स्वीकार्य समायोजनों शामिल करके किया गया है और जहॉ कहीं कोई समायोजन अथवा लागत का कोई घटक स्वीकार नहीं किया गया है उसके बारे में निर्यातक् को विधिवत रूप से सूचित किया गया है । इसलिए उक्त पाटन मार्जिन का निर्धारण पक्का है ।

ज.1.2 ईयू से अन्य सभी निर्यातक

क) सामान्य मूल्य

57. पाटनरोधी करार के अनुच्छेद 6.8 के साथ पाठित अनुबंध II में यह प्रावधान है कि यदि किसी हितबद्ध पक्षकार से अपेक्षित सूचना एक उचित समय के भीतर निर्धारित फार्म और तरीके से नहीं दी जाती , प्राधिकारी घरेलू उद्योग द्वारा जांच आरंभ करने के लिए दिए गए आवेदन में दिए गए तथ्यों सहित उपलब्ध तथ्यों के आधार पर निर्धारण करने के लिए स्वतंत्र होगा । वर्तमान मामले में एकमात्र सहयोगी निर्यातक, जिसने भारत में बड़े हिस्से का निर्यात किया है, ने अपनी उत्पादन लागत, घरेलू बिक्री कीमत और भारत को निर्यातों के संबंध में सूचना प्रस्तुत की है । तथापि, यूरोपीय संघ में अन्य उत्पादकों द्वारा किए गए निर्यातों का भी पर्याप्त हिस्सा है जिन्होंने जांच में भाग नहीं लिया है । उपर्युक्त स्थिति को ध्यान में रखते हुए प्राधिकारी ने ईयू में अन्य उत्पादकों/निर्यातकों का पाटन मार्जिन का अपने पास उपलब्ध सर्वोत्तम तथ्यों के आधार पर अनुमान लगाया है ।

58. ईयू में सभी निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य का अनुमान सहयोगी निर्यातक के रिकार्डों से उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर कारखाना बाह्य स्तर के सामान्य मूल्यों का परिकलन करने के लिए व्यापार समायोजनों के स्तर के लिए अनुमति देने के पश्चात् इयू में सहयोगी निर्यातक के सर्वोच्च 200 वाणिज्यिक सौदों की औसत बिक्री कीमत के आधार पर लगाया गया है । तदनुसार, असहयोगी निर्यातकों के लिए संबद्ध वस्तु का औसत कारखाना बाह्य सामान्य मूल्य का अनुमान **** अमरीकी डालर प्रति किग्रा. लगाया गया था ।

ख) निर्यात कीमत

59. निबल निर्यात कीमत का अनुमान सहयोगी निर्यातक के रिकार्डों में उपलब्ध सूचना के आधार पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष बिक्री खर्चो के लिए उसका समायोजन करने के पश्चात् डीजीसीआईएंडएस के आयात आंकड़ो से सीआईएफ निर्यात कीमत के आधार पर लगाया गया है । तदनुसार, यूरोपीय संघ से सभी असहयोगी निर्यातकों के लिए औसत निबल कारखाना बाह्य निर्यात कीमत का अनुमान ईपीडीएम के **** अमरीकी डालर प्रति किग्रा.अनुमान लगाया गया है ।

ग) पाटन मार्जिन

60. तदनुसार ईयू से व्यापार के उसी स्तर के सभी असहयोगी निर्यातकों के लिए औसत पाटन मार्जिन निम्न प्रकार निर्धारित किया गया है:-

औसत कारखाना बाह्य सामान्य मूल्य	**** अमरीकी डालर प्रति किग्रा.
औसत कारखाना बाह्य निर्यात मूल्य	**** अमरीकी डालर प्रति किग्रा.
औसत पाटन मार्जिन	**** अमरीकी डालर प्रति किग्रा.(69%)

झ.2. ब्राजील

61. प्राधिकारी को ब्राजील के किसी विनिर्माता से कोई सहयोग नहीं मिला है । तथापि यह नोट किया जाता है कि मैसर्स डीएसएम(डीईबी) के पास ब्राजील में ईपीडीएम की निर्माण सुविधा है और जांच अवधि के दौरान डीएसएम एशिया के जरिए इस संयंत्र से ईपीडीएम की पर्याप्त मात्रा निर्यात की गई है । तथापि, इस निर्यातक ने इस जांच में सहयोग नहीं दिया है । इसलिए, ब्राजील के निर्यातकों के लिए पाटन मार्जिन उपलब्ध तथ्यों के आधार पर निर्धारित किया गया है जो इस प्रकार हैं

क) सामान्य मूल्य

62. चूँकि ब्राजील में ईपीडीएम का विनिर्माता यूरोपीय संघ से सहयोगी निर्यातक के रूप में वही नैगम स्तर है और अनिवार्य रूप से वहीं प्रौद्योगिकी इस्तेमाल करता है तथा डीईई की व्यक्तिगत उत्पादन रूपरेखाओं की तुलना में सामान क्षमता स्तरों पर प्रचालन करता है । इसलिए, ब्राजील में सामान्य मूल्य का निर्धारण यूरोप में उत्पादन की अनुमानित लागत और एक उचित लाभ मार्जिन के आधार पर किया गया है जैसाकि, सर्वोत्तम तथ्य उपलब्ध थे । तदनुसार ब्राजील में संबद्ध वस्तुओं के औसत सामान्य मूल्य का अनुमान **** अमरीकी डालर प्रति किग्रा.के रूप में लगाया गया है ।

ख) निर्यात कीमत

63. ब्राजील से निर्यातों के लिए निबल कारखाना बाह्य निर्यात कीमत का निर्धारण सामान खर्चों पर सहयोगी निर्यातकों के रिकार्डों में उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर उपलब्ध सर्वोत्तम तथ्यों के अनुसार छूट, अंतर्देशीय भाड़ा, बीमा और प्रस्तन, कमीशन और ऋण लागतों आदि के लिए समायोजन करने के पश्चात् डीजीसीआईएस आयात आंकड़ों के आधार पर किया गया है । तदनुसार, ब्राजील से औसत कारखाना बाह्य निर्यात कीमत का अनुमान **** अमरीकी डालर प्रति किग्रा. लगाया गया है ।

ग) पाटन मार्जिन

64. इस प्रकार निर्धारित निबल निर्यात कीमत की तुलना ब्राजील के सभी निर्यातकों के लिए औसत पाटन मार्जिन की गणना करने हेतु कारखाना बाह्य स्तर पर उपलब्ध तथ्यों के आधार पर निर्धारित सामान्य मूल्य के साथ की गई जो निम्न प्रकार परिकलित होती हैः

औसत कारखाना बाह्य सामान्य मूल्य	**** अमरीकी डालर प्रति किग्रा.
औसत कारखाना बाह्य निर्यात मूल्य	**** अमरीकी डालर प्रति किग्रा.
औसत पाटन मार्जिन	**** अमरीकी डालर प्रति किग्रा. (66.54%)

ज.3 अमरीका

65. प्राधिकारी नोट करते हैं कि अमरीका के किसी उत्पादक/निर्यातक से कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है । इसलिए, अमरीका के सभी निर्यातकों के संबंध में औसत पाटन मार्जिन का निर्धारण उपलब्ध सर्वोत्तम तथ्यों के आधार पर किया गया है ।

क) सामान्य मूल्य

66. अमरीका में निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य की गणना कच्ची सामग्री की लागत और सर्वोत्तम उपलब्ध तथ्यों के रूप में ईयू के सहयोगी निर्यातक की परिवर्तन लागत को ध्यान में रखते हुए की गई है । तदनुसार, अमरीका में संबद्ध वस्तु का औसत सामान्य मूल्य औसत कारखाना बाह्य सामान्य मूल्य **** अमरीकी डालर प्रति किग्रा. निर्धारित किया गया है ।

ख) निर्यात कीमत

67. अमरीका से निर्यातों के लिए औसत निबल कारखाना बाह्य निर्यात कीमत का निर्धारण उपलब्ध सर्वोत्तम तथ्यों के आधार पर डीजीसीआईएंडएस के आयात आंकड़ों से उपलब्ध सीआईएफ निर्यात कीमत में छूट, अंतर्देशीय भाड़ा, बीमा और प्रहस्तन प्रभार, अंतर्राष्ट्रीय भाड़ा, बीमा और प्रहस्तन कमीशन और ऋण लागतों आदि का समायोजन करने के पश्चात् उसके आधार पर किया गया है ।

ग) पाटन मार्जिन

68. उपलब्ध तथ्यों के आधार पर सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत के उपर्युक्तानुसार अनुमान के आधार पर सभी अमरीकी निर्यातकसें के लिए औसत पाटन मार्जिन निम्नानुसार बनता है:

औसत कारखाना द्वारा सामान्य मूल्य	**** अमरीकी डालर प्रति किग्रा.
औसत कारखाना द्वारा निर्यात कीमत	**** अमरीकी डालर प्रति किग्रा.
औसत पाटन मार्जिन	**** अमरीकी डालर प्रति किग्रा. (88.87%)

ज.4 चीन जन.गण.

69. याचिकाकर्ता ने अनुरोध किया है कि चूँकि चीन एक गैर बाजार अर्थव्यवस्था है अतः चीन के उत्पादकों के लिए सर्वोत्तम उपलब्ध सूचना के आधार पर कच्ची सामग्री की अतर्राष्ट्रीय लागत और परिवर्तन लागत पर विचार करते हुए परिकलित उत्पादन

लागत के आधार पर सामान्य मूल्य का निर्धारण किया जाना चाहिए । प्राधिकारी नोट करते हैं कि चीन के किसी भी उत्पादक/निर्यातक ने की जा रही जांच का उत्तर नहीं दिया है । इस मामले में गैर बाजार अर्थव्यवस्था पूर्वानुमान के संबध में भी कोई खण्डन प्राप्त नहीं हुआ है ।

क) सामान्य मूल्य

70. उपर्युक्त को देखते हुए चीन में सामान्य मूल्य के निर्धारण के प्रयोजनार्थ, यूरोपीय संघ को एक प्रतिनिधि देश माना गया है और यूरोपीय संघ की उत्पादन लागत, जो प्राधिकारी को समुचित रूप से उपलब्ध है, को चीन के सामान्य मूल्य के निर्धारण हेतु उपयोग में लाया गया है । तदनुसार चीन के निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य का निर्धारण औसत कारखाना बाह्य सामान्य मूल्य **** अमरीकी डालर प्रति किग्रा तक किया गया है ।

(ख) निर्यात कीमत

71. चीन जनगण से निर्यातकें की औसत निबल कारखाना द्वार निर्यात कीमत का निर्धारण, उपलब्ध तथ्यों के आधार पर छूटों, अंतरदेशीय भाड़े, बीमा और प्रहस्तन प्रभारों; अंतर्राष्ट्रीय भाड़े, बीमा और प्रहस्तन; कमीशन और ऋण लागतों इत्यादि हेतु आयात आंकड़ों में समायोजन करते हुए डीजीसीआईएंडएस द्वारा उपलब्ध कराई गई सीआईएफ निर्यात कीमत के आधार पर किया गया है । तदनुसार ,चीन जनगण से औसत निवल कारखाना द्वार निर्यात कीमत अनुमानतः औसत कारखाना बाह्य सामान्य मूल्य **** अमरीकी डालर प्रति किग्रा.है ।

ग) पाटन मार्जिन

72. उपर्युक्त औसत सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत की समान व्यापार स्तर पर तुलना के आधार पर पाटन मार्जिन निम्नानुसार बनता है:

औसत कारखाना द्वारा सामान्य मूल्य	**** अमरीकी डालर प्रति किग्रा.
औसत कारखाना द्वारा निर्यात कीमत	**** अमरीकी डालर प्रति किग्रा.
औसत पाटन मार्जिन	**** अमरीकी डालर प्रति किग्रा. (100.58 %)

ज.5 पाटन मार्जिनः संक्षिप्त विवरण

देश	निर्यातक	पाटन मार्जिन अम.डा./किग्रा.	पाटन मर्जिन
यूरोपीय संघ	डीएसएम इलास्टोमस, यूरोप, नीदरलैंड, डीएसएम के जरिए सिंगापुर	*****	40.78 %

यूरोपीय संघ	सभी अन्य निर्यातक	*****	69.01 %
ब्राजील	सभी अन्य निर्यातक	*****	66.54 %
यूएसए	सभी अन्य निर्यातक	*****	88.87 %
चीन जन.गण.	सभी अन्य निर्यातक	*****	100.58 %

73. इस प्रकार निर्धारित पाटन मार्जिन उल्लेखनीय है और न्यूनतम सीमा से अधिक हैं ।

झ.1 क्षति निर्धारण

74. चूँकि संबद्ध देशों/क्षेत्रों से निर्यातित संबद्ध वस्तुओं का पाटन मार्जिन, पाटित कीमतों पर है इसलिए संबद्ध देशों/क्षेत्रों से संबद्ध वस्तुओं के आयात को पाटित आयात माना गया है और घरेलू उद्योग को हुई क्षति की जॉच इन आयातों के संबंध में की गई है । क्षति जाँच के प्रयोजनार्थ एकमात्र घरेलू उत्पादक और वर्तमान मामले में याचिकाकता कंपनी घरेलू उद्योग है ।

झ.1. हितबद्ध पार्टियों के विचारः

झ.1.1 मै0 डीएसएम इलास्टोमर्स

75. जहां तक घरेलू उद्योग द्वारा क्षति के दावे का संबंध है ईयू के सहयोगी निर्यातक ने तर्क दिया है कि भारत में उत्पाद की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि और उत्पादन और बिक्री में पर्याप्त वृद्धि कर पाने में घरेलू उद्योग की असमर्थता के कारण संबद्ध देश से आयातों की मात्रा में पर्याप्त वृद्धि हुई है । उन्होंने तर्क दिया है कि घरेलू उद्योग गुणवत्ता, निष्पादन, संगतता और विश्वसनीय जैसे कारकों के संबंध में बाजार को आपूति करने में अक्षम रहा है । अतः अपना बाजार हिस्सा बनाए रखने में घरेलू उद्योग की अक्षमता, पाटन के अतिरिक्त अन्य कारकों, जैसे कच्ची सामग्री की अनुपलब्धता अल्प आपूर्ति के कारण उत्पादन न कर पाना कार्यशील पूंजी प्राप्त होने में कठिनाई; गुणवत्ता निष्पादन और संगतता संबंधी समस्याओं के कारण उनके उत्पादों को बाजार में अच्छी स्वीकृति न मिलना आदि के कारण है । यह भी निवेदन किया गया है कि घरेलू उद्योग अपने उत्पादन और घरेलू बिक्री को कायम रखने और बढ़ाने में भी समर्थ रहा है, जिससे यह संकेत मिलता है कि कथित पाटित आयातों का उनके उत्पादन और बिक्री पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है ।

76. इसके अतिरिक्त डीएसएम ने तर्क दिया है कि जांच अवधि के दौरान आयात कीमतों में वृद्धि शुरू हो गई थी और यही प्रवृत्ति अभी तक जारी है और डीएसएम की आयात कीमतें हमेशा उच्चतम रही हैं और वे जांच अवधि के दौरान उसके बाद भी उच्च बनी रही थी । घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत किए गए संशोधित प्रपत्र IV (क) के अनुसार जांच अवधि के दौरान प्रत्येक संबद्ध देश से, संभवतः चीन का छोड़कर, कीमत कटौती नगण्य थी और डीएसएम के मामले में प्रारंभिक तथा ऑफस्पेक सामग्री सहित सभी निर्यातों के लिए कुल समग्र भारित औसत स्तर पर यह नगण्य रही है । यह भी तर्क दिया गया है कि यद्यपि जांच अवधि के दौरान चीनी आयातों के लिए कीमत कटौती अधिकतम थी, तथापि अन्य देशों से आयातों की तुलना में उसकी मात्रा बहुत कम थी जिसका तात्पर्य यह है कि संबद्ध वस्तु खरीदनी के लिए उपभोक्ता हेतु कीमत एक बड़ा कारक नहीं है ।

77. यह तर्क दिया गया है कि घरेलू उद्योग द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना से यह प्रतीत होता है कि वर्ष 2003-04 के स्तरों की तुलना में जांच अवधि के दौरान जब आयात कीमतों (सीआईएम स्तर तथा पहुँच लागत स्तर दोनों पर) में वृद्धि हुई तो घरेलू उद्योग ने कीमतें कम कीं । यह संभव है कि इस तथ्य के कारण कि जांच अवधि के दौरान निश्चित अवधि में घरेलू उद्योग को प्रोपेलीन की अनुपलब्धता का सामना करना पड़ा जिससे जांच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा, जांच अवधि के दौरान आयात कीमतों में वृद्धि की प्रवृत्ति के कारण घरेलू उद्योंग अपनी कीमतें घटाने के लिए बाध्य हुआ था । उत्पादन में बारंबार ऐसी बाधाओं के कारण घरलू उद्योग को एक तरह से प्रचालन पुनः प्रारंभ करना पड़ा जिसक परिणामस्वरूप उत्पाद गुणवत्ता या कथित निष्पादन मानकों या विनिर्देशनों के अनुरूप नहीं थ और घरेलू उद्योग अपनी कीमतें घटाने के लिए बाध्य हुआ था । इससे स्पष्ट रूप से संकेत मिलता है कि संबद्ध आयातों से कीमत का ह्रास अथवा कीमतों में वृद्धि में कोई बाधा नहीं आई है ।

78. इसके अतिरिक्त मै. डीएसएम ने तर्क दिया है कि निम्नलिखित कारणों से इस मामले में क्षति का संचयी आकलन उचित नहीं है : -

(i) जांच अवधि के दौरान डीएसएम द्वारा बेचे गए उत्पाद में प्रारंभिक तथा ऑफस्पेक श्रेणियाँ शामिल थीं । इन दो श्रेणियों के भिन्न- भिन्न उपयोग तथा अपेक्षाएं हैं । अतः इन्हें भारत को अन्य निर्यातों अथवा घरेलू उद्योग द्वारा विनिर्मित उत्पादों के प्रतिस्थापन्न के रूप में प्रयोग नहीं किया जा सकता है । प्राइम तथा ऑफस्पेक के लिए प्रभारित कीमतों तथा बाजार से यह स्पष्ट है कि इन दोनों की तुलना नहीं की जा सकती ।

(ii) कच्ची सामग्री की अनुपलब्धता के कारण जांच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के उत्पादन में सविराम रूकावट/व्यवधान आया था । इससे प्रदर्शित होता है कि जांच अवधि के दौरान लगभग 3 महीनों तक घरलू उद्योग उत्पादन नहीं कर सका और परिणामस्वरूप घरेलू मांग को पूरी तरह से आयातों द्वारा पूरा किया गया ।

(iii) आयातकों/प्रयोक्ताओं ने भी प्राधिकारी से निवेदन किया है कि आपूर्ति की अनियमितता के रूप में उन्हें घरेलू उद्योग द्वारा आपूर्ति की गई वस्तु के लिए कठिनाई का सामना करना पड़ा है क्योंकि कच्ची सामग्री की अनुपलबधता के कारण घरेलू उद्योग के समक्ष उत्पादन में गंभीर समस्या

थी । उत्पादन में ऐसी बाधाओं की अपनी समस्याएं हैं जो उत्पादन को पुनः पटरी पर लाने के लिए अतिरिक्त लागतों (जिससे अकुशलता उत्पन्न होती है) और उत्पाद की गुणवत्ता एवं निष्पादन में अनिश्चितता से जुड़ी हुई है और जिनसे ऐसे उत्पादों को प्रयोक्ताओं द्वारा वांछित निष्पादन एवं गुणवत्ता के समरूप बनाने में कठिनाई होती है ।

(iv) डीएसएम ने जापान तथा यूएसए में अपने संयंत्रों को बंद कर दिया है और उनके स्थान पर नीदरलैंड में एक नया संयंद्ध स्थापित किया है जिसकी क्षमता निम्नतर है तथा भारत को डीईए के कुल निर्यात उसकी कुल बिक्रियों का एक छोटा हिस्सा है । अतः घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अधिक क्षमता के दावे को प्राधिकारी द्वारा अनदेखा कर दिया जाना चाहिए ।

(v) हालाँकि जांच अवधि के दौरान प्रारंभिक प्रचालन और ऑफस्पेक बिक्रियों सहित कई कारणों से एकल भारित औसत स्तर पर कीमत स्तर कम था तथापि, जांच अवधि के दौरान और उसके बाद डीईई/डीईए ने कीमत में वृद्धि प्रारंभ कर दी थी और वर्तमान कीमतें जांच अवधि की तुलना में बहुत उच्च स्तर पर हैं । उपर्युक्त समस्याओं के बावजूद डीईई/डीईए की कीमत स्तर उच्चतम थीं और कीमत कटौती ऋणात्मक अथवा नगण्य थी ।

79. अतः निर्यातक ने तर्क दिया है कि घरेलू वस्तुओं और आयातित वस्तुओं के बीच प्रतिस्पर्धा की स्थिति उचित नहीं है और परिणामस्वरूप वर्तमान मामले में संचयी आकलन उचित नहीं है ।

झ.1.2 आयातक तथा अन्य हितबद्ध पक्षकार : टायर एवं प्रोफाइल विनिर्माता

80. जहाँ तक घरेलू उद्योग के क्षति संबंधी दावे और घरेलू उद्योग के संबंध में पाटित आयातों के प्रभाव के संचयी आकलन का संबंध है, इन हितबद्ध पक्षकारों (टायर एवं प्रोफाइल विनिर्माता) ने तर्क किया है कि घरेलू उद्योग का आवेदन इस आधार पर संबद्ध देशों से पाटित आयातों के संचयन को उचित नहीं ठहराता है कि विभिन्न स्रोतों से आयातित वस्तुएं अपने आप में परस्पर प्रतिस्पर्धी नहीं हैं । अन्य बातों के साथ- साथ तर्क दिया गया है कि :

- हालांकि ब्राजील से कम कीमत पर आयात जारी रहे, ब्राजील से आयातों की मात्रा में लगातार वृद्धि नहीं हुई है;
- जबकि चीन से आयात अन्य स्रोतों की तुलना में काफी सस्ते थे, चीन से आयातों की मात्रा यूरोप तथा अमरीका से आयातों की मात्रा से काफी कम है;
- यद्यपि ईयू तथा अमरीका से पहुँच मूल्य में वर्ष 2003-04 और जांच अवधि के बीच वृद्धि हुई तथापि इन स्रोतों से आयातों की मात्रा में भी वृद्धि हुई;
- ईयू से आयातों में भी लगातार गिरावट आई;
- आयातों में कई ऐसे ग्रेड शामिल थे जिनकी पेशकश घरेलू उद्योग द्वारा नहीं की गयी थी, जिसका अर्थ यह हे कि आयातित उत्पादों और घरलू उत्पादों के बीच कोई प्रतिस्पर्धा नहीं थी ।

81. घरेलू उद्योग द्वारा वास्तविक क्षति के दावे के संबंध में आयातकों तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने अन्य बातों के साथ- साथ यह तर्क दिया है कि :

- वर्ष 2003-04 तक घरेलू उद्योग के उत्पादन और क्षमता उपयोग में वृद्धि हुई है और माँग में अत्यधिक वृद्धि के बावजूद जांच अवधि के दौरान उसके उत्पादन में गिरावट आई जो कि जांच अवधि के दौरान लम्बी अवधि तक संयंत्र के बंद रहने के कारण थी । अतः उत्पादन में गिरावट स्पष्ट रूप से पाटन से इतर कारकों के कारण है;
- कच्ची सामग्री की अनुपलब्धता और अन्य समस्याओं के कारण घरेलू उद्योग इष्टतम क्षमता स्तर तक उत्पादन करने में असमर्थ है जिसके परिणामस्वरूप उसकी बिक्रियों और बाजार हिस्से में गिरावट आई;
- प्रयोक्ताओं के लिए कीमत आपूर्ति स्रोत को शासित करने वाला मापदण्ड नहीं है । चीन से कीमतें सबसे कम थीं । तथापि, चीन से आयात भी सबसे कम थे जो यह दर्शाता है कि आयात की स्रोत का निर्णय लेने के लिए कीमत मापदण्ड नहीं है । वस्तुतः एक ऐसा स्रोत जिससे न्यूनतम कीमत कटौती हो रही है, के पास उच्चतम मात्रा है और उच्चतम कीमत कटौती वाले स्रोत के पास न्यूनतम मात्रा है । अतः स्पष्ट रूप से यह ऐसी स्थिति है जहाँ आयातों का कारण विदेशी उत्पादकों द्वारा पेशकश की जा रही कीमत नहीं है । प्रयोक्ताओं द्वारा आयात का कारण तकनीकी विचार है । इस तथ्य को देखते हुए कि घरेलू उद्योग द्वारा उपभोक्ता के अपेक्षा के अनुरूप वस्तु की पेशकश नहीं की जा रही है । उपभोक्ता के पास वस्तु का आयात करने, जबकि अन्य स्रोतों से सस्ती सामग्री उपलब्ध है, के अतिरिक्त कोई आर विकल्प नहीं है;
- वर्तमान मामले में कीमत प्रभाव ऋणात्मक है और घरेलू उद्योग द्वारा निवल बिक्री प्राप्ति में परिवर्तन कथित पाटित आयातों के कारण नहीं है;
- घरेलू उद्योग को जांच अवधि के दौरान अन्य कारकों से भारी वित्तीय घाटा उठाना पड़ा है जिसे उसने जांच अवधि के लिए घाटों में भ्रामक रूप से शामिल कर लिया है;
- घरेलू उद्योग को अपने निर्यातों से भारी वित्तीय घाटा हो रहा है;
- जांच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग द्वारा प्राप्त असामान्य लागत को ध्यान में रखते हुए याचिका में दिए गए लाभ/हानि, नगर प्रवाह और निवेश पर आय संबंधी मापदण्डों में परिवर्तन किया जाना अपेक्षित है;
- घरलू उद्योग ने उत्पादन, बिक्री, क्षमता उपयोग, लाभप्रदता आदि के संबंध में सकारात्मक प्रगति और कुछेक अन्य मापदण्ड, यदि कोई हों, के संबंध में नकारात्मक प्रगति दर्शायी है जो कि पाटित आयातों से इतर कारकों से है;
- जबकि उत्पाद की मांग में अत्यधिक वृद्धि हो रही है, उचित कीमत परिस्थितियों के बावजूद घरेलू उद्योग बढ़ती हुई मांग में भागीदारी करने में असमर्थ है;
- घरलू बाजार में मांग- आपूर्ति में अंतर को पूरा करने के लिए आयात किए जा रहे जो कि वस्तु की आपूर्ति करने में घरेलू उद्योग की असमर्थता के कारण है ।

82. हितबद्ध पक्षकारों ने आगे तर्क दिया है कि लम्बी अवधि तक उत्पादन में रूकावट और क्षति जांच अवधि के दौरान ह्रास संबंधी नीति में परिवर्तन तथा गुणवत्ता एवं निरंतरता संबंधी समस्याओं जैसे अन्य अभिज्ञात कारकों के कारण घरेलू उद्योग को हुई क्षति को उचित रूप से अलग रखा जाना चाहिए ।

झ.1.3 घरेलू उद्योग के विचार

83. घरेलू उद्योग ने अन्य बातों के साथ- साथ तर्क दिया है कि :

- ब्राजील में स्थित संयंत्र एक ही समूह अर्थात डीएसएम का है और हितबद्ध पक्षकारों के कथन के विपरीत ब्राजील से आयातों में लगातार वृद्धि हुई है;
- चीन से कम आयातों का कारण यह है कि चीन ईपीडीएम का उच्चतम निवल आयातक है और उसके पास भारतीय बाजार की मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त क्षमता नहीं है । तथापि, जांच अवधि के दौरान चीन से आयात न्यूनतम से अधिक और अत्यधिक पाटित कीमतों पर थे;
- अमरीका और ईयू दोनों के पास विश्व ईपीडीएम क्षमता का 80% है और वे इन क्षेत्रों में 70% मांग रखते हैं । वे अपनी अधिक क्षमता का भारत में पाटन करते हैं और उनकी कीमतें जापान तथा कोरिया के अन्य उत्पादकों से कम हैं;
- हितबद्ध पक्षकारों के कथन के विपरीत ईयू से आयातों की मात्रा में क्षति और जांच अवधि के दौरान स्पष्ट वृद्धि दिखायी देती है ।

84. इसके अतिरिक्त, घरेलू उद्योग ने तर्क दिया है कि संबद्ध देशों/क्षेत्रों से आयातित वस्तुएं उनके द्वारा विनिर्मित वस्तुएं सामान्य वस्तुएं हैं और वे घरेलू उत्पादों के साथ- साथ परस्पर रूप से भी प्रतिस्पर्धा करती हैं क्योंकि उत्पादों का वितरण एक ही चैनल के जरिए होता है और उन्हें प्रयाक्ता उद्योग द्वारा एक- दूसरे के स्थान पर प्रयोग किया जाता है । अतः क्षति एवं कारणात्मक संबंध के संचयी आकलन की सभी शर्तों को पूरा किया जाता है ।

85. घरेलू उद्योग ने यह भी तर्क दिया है कि पाटित आयात जिसमें क्षति जांच अवधि के दौरान सापेक्ष रूप से और भारत में आयातों, उत्पादन और उपभोग के संबंध में अत्यधिक वृद्धि हुई है, के कारण वे अपने उत्पाद के लिए लाभकारी कीमत प्राप्त करने में असमर्थ रहे । इसके परिणामस्वरूप उनके नकद प्रवाह की स्थिति अनिश्चित है, ऋण भार में वृद्धि हुई है और संबद्ध देशों से पाटन से होने वाले भारी घाटे के कारण कार्यशील पूंजी की कमी है । यह भी निवेदन किया गया है कि कोरिया गणराज्य और जापान की मूल की वस्तुओं पर लगाए गए पाटनरोधी शुल्क को जारी रखने के कारण घरेलू उद्योग उत्पादन और क्षमता उपयोग में वृद्धि प्राप्त कर पाया था । तथापि, लागत कम करने और दक्षता में सुधार करने के प्रयासों के बावजूद, संबद्ध देशों से पाटित आयातों के कारण घरेलू उद्योग घरेलू बाजार की वृद्धि के अनुरूप क्षमता उपयोग और उत्पादन में वृद्धि नहीं कर पाया है ।

86. जहाँ तक कच्ची सामग्री की आपूर्ति में बाधा के कारण उत्पादन की हानि का संबंध है, घरेलू उद्योग ने निवेदन किया है कि प्रमुख कच्ची सामग्रियों अर्थात इथिलीन और प्रोपिलीन के लिए सिंगल स्रोत ईपीडीईएम उद्योग के लिए एक सामान्य प्रतिमान है जो कि मुख्य रूप से कच्ची सामग्रियों की प्रकृति के कारण है । जांच अवधि के दौरान लघु अवधि के लिए कच्ची सामग्री के आपूर्तिकर्ता द्वारा आपूर्ति बंद किया जाना विरले मामलों में से एक है और कंपनी ने अपनी संविदा में अनिवार्य बाध्यता का दावा किया है । इसका विकल्प अत्यधिक कीमतों पर वैकल्पिक आपूर्तिकर्ताओं

से कच्ची सामग्री खरीदना और पाटित आयात कीमतों के दबाव के कारण अंतिम उत्पाद को कम कीमतों पर बेचना था । इससे उनकी स्थिति और खराब हो जाती ।

झ.2 प्राधिकारी द्वारा जांच :

झ.2.1 क्षति का संचयी आकलन

87. प्राधिकारी ने क्षति और कारणात्मक संबंध के संचयी आकलन के संबंध में हितबद्ध पक्षकारों और घरेलू उद्योग द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों को नोट किया है और उनकी जांच की है तथा इस रिपोर्ट में उचित स्थानों पर इन मुद्दों का समाधान किया गया है ।

88. जहाँ तक क्षति निर्धारण के प्रयोजनार्थ समान वस्तु का संबंध है, घरेलू उद्योग द्वारा विनिर्मित न किए जाने वाले ग्रेडों को छोड़ने के लिए हितबद्ध पक्षकारों के तर्क को और समान वस्तु के क्षेत्र से ऑफस्पेक सामग्रियों को बाहर रखने के लिए निर्यातक के तर्क की जांच पिछले खण्डों में की गयी है और प्राधिकारी मानते हैं कि ऑफस्पेक किस्मों सहित सभी ग्रेड घरेलू उद्योग द्वारा विनिर्मित ग्रेडों से तकनीकी और वाणिज्यिक रूप से प्रतिस्थापनीय हैं और इसलिए वे समान उत्पाद हैं । तदनुसार, क्षति जांच के प्रयोजनार्थ घरेलू उद्योग के समग्र उत्पाद रेंज पर विचार किया गया है ।

89. प्राधिकारी नोट करते हैं कि जांच के अधीन देशों/क्षेत्रों सहित कई देशों से ईपीडीएम का आयात किया जा रहा है । प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि जांच अवधि के दौरान जापान और कोरिया गणराज्य के विरूद्ध पाटनरोधी शुल्क लागू होगा । संबद्ध देशों/क्षेत्रों से पाटित कीमतों पर आयात पाया गया । अतः घरेलू उद्योग को पाटित आयातों के कारण क्षति के संचयी आकलन के मुद्दे की जांच प्राधिकारी द्वारा हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए प्रस्तुतीकरणों के आधार पर की गयी है ।

90. पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध- II पैरा (iii) में अपेक्षित है कि एक से अधिक देशों से उत्पाद के आयातों की एक ही समय में पाटनरोधी जांच के मामले में प्राधिकारी ऐसे आयातों के प्रभाव का संचयी रूप से आकलन करेंगे यदि यह निर्धारित किया जाता है कि

I. प्रत्येक देश से आयात न्यूनतम से अधिक अथवा संचयी रूप से आयातों के 7% से अधिक हैं;
II. प्रत्येक देश के लिए पाटन मार्जिन 2% से अधिक है; और
III. आयातित वस्तु और समान घरलू वस्तु के बीच प्रतिस्पर्धा की स्थितियों के आलोक में आयातों के प्रभाव का संचयी आकलन उचित है ।

91. हितबद्ध पक्षकारों के इस दावे के संबंध में कि आयातित वस्तुएं आपस में और घरेलू रूप से उत्पादित वस्तुओं के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं करती हैं, प्राधिकारी नोट करते हैं कि आयात कीमतों और मात्राओं संबंधी आंकड़ों से ईयू को छोड़कर जहाँ औसत सीआईएफ कीमत में मामूली वृद्धि हुई है, संबद्ध देशों से कीमतों में गिरावट और मात्रा में वृद्धि का स्पष्ट संकेत मिलता है । तथापि, यह भी नोट किया गया है कि ईपीडीएम का उत्पादन चालीस भिन्न- भिन्न ग्रेडों में किया जा रहा है और

किसी देश विशेष से निर्यात बास्केट के संघटन पर निर्भर करते हुए कीमतों में थोड़ा- बहुत अंतर होता है । ईयू के निर्यातक द्वारा यह भी पुष्टि की गयी है कि क्षमता या यौक्तिकीकरण के दौरान ईपीडीएम के कुछेक ग्रेडों जिनका उनकी औसत कीमतों पर असर पड़ सकता है, को उनकी उत्पादन श्रेणी से बाहर कर दिया गया है ।

92. आयातकों/प्रयोक्ताओं के आयात आंकड़ों से स्पष्ट है कि उनकी द्वारा ईपीडीएम के विभिन्न ग्रेडों का आयात किया जाता है और आपूर्ति में किसी बाधा का परिहार करने तथा किसी एक आपूर्तिकर्ता पर निर्भर रहने का परिहार करने के उपाय के रूप में एक ही प्रयोग के लिए विभिन्न उत्पादकों द्वारा विनिर्मित ईपीडीएमके दो- तीन समतुल्य ग्रेडों को माल सूची में रखा जाता है । इससे यह प्रदर्शित होता है कि विभिन्न विदेशी उत्पादकों तथा भारतीय उत्पादक द्वारा विनिर्मित संबंधित समतुल्य ग्रेड एक- दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा करते हैं ।

93. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि

(i) प्रत्येक संबद्ध देश/क्षेत्र से संबद्ध वस्तु के पाटन का मार्जिन न्यूनतम सीमा से अधिक है ।

(ii) करार के अनुच्छेद 5.8 में दी गयी परिभाषा के अनुसार प्रत्येक सम्बद्ध देश से आयात की मात्रा नगण्य नहीं है ।

(iii) सम्बद्ध देशों से पाटित वस्तुएं और घरेलू रूप से उत्पादित समान वस्तुएं एक- दूसरे के स्थान पर प्रयोग की जा सकती हैं और प्रयोक्ता उद्योग द्वारा उन्हें एक- दूसरे के स्थान पर प्रयोग किया जा रहा है । सम्बद्ध देशों से आयातों के सम्बन्ध में सौदावार सूचना यह दर्शाती है कि वास्तविक प्रयोक्ता और व्यापारी जिन्होंने पुनर्बिक्री के लिए सामग्री खरीदी है, द्वारा आयात किए जा रहे हैं । शामिल देशों द्वारा आपूर्ति की जा रही वस्तुएं वितरण के समान चैनलों के जरिए भारतीय बाजारों में आ रही हैं और भारतीय बाजार में प्रत्यक्ष प्रतिस्पर्धा कर रही हैं ।

(iv) सम्बद्ध देशों द्वारा आपूर्ति किए गए उत्पाद का तुलनीय बिक्री चैनलों के जरिए और समान वाणिज्यिक परिस्थितियों के अंतर्गत भारत में विपणन किया जा रहा है ।

(v) घरेलू उत्पादक और संबद्ध देश के निर्यातक एक ही प्रकार के उपभोक्ताओं को उत्पाद की बिक्री कर रहे हैं ।

(vi) कीमत स्तर, जिन पर ये उत्पाद भारत में आ रहे हैं, की जांच यह दर्शाती है कि चीन के लिए छोड़कर भारतीय तट पर वस्तुओं का पहुंच मूल्य 80 रू./- से 88 रू./- के बैंड में है । अतः कीमत स्तरें भारतीय बाजार में निर्यातों के बीच और घरेलू उत्पाद के साथ कड़ी प्रतिस्पर्धा को दर्शाती हैं । चीनी निर्यातों का ग्रेड संघटन ज्ञात नहीं है । तथापि, ऐसा प्रतीत होता है कि चीन जन. गण. से निर्यातित ग्रेड अन्य विनिर्माताओं के न्यूनतर ग्रेडों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हैं ।

(vii) अतः यह पाया गया है कि संबद्ध देशों से आयात आपस में और भारतीय उत्पादों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हैं और बाजार में घरेलू उद्योग की कीमतों मं कटौती करते हैं ।

94. उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए प्राधिकारी यह मानने का प्रस्ताव करते हैं कि इस मामले में संबद्ध देशों/क्षेत्रों से पाटित आयातों के कारण क्षति का संचयी आकलन उचित है ।

झ.2.2. वास्तविक क्षति

95. पाटनरोधी अधिनियम के अनुच्छेद 3.1 और पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध II में (क) पाटित आयातों की मात्रा और समान उत्पादों के लिए घरेलू बाजार में कीमतों पर पाटित आयातों का प्रभाव; और (ख) पाटित आयातों के मात्रात्मक प्रभाव के संबंध में ऐसे उत्पादों के घरेलू उत्पादकों पर इन आयातों का अनुवर्ती प्रभाव दोनों की वस्तुपरक जांच का प्रावधान है । प्राधिकारी द्वारा यह जांच किया जाना अपेक्षित है कि क्या आयातों में सापेक्ष रूप से या उत्पादन अथवा आयक सदस्य में खपत की तुलना में अत्यधिक वृद्धि हुई है । पाटित आयातों के कीमत प्रभाव के संबंध में प्राधिकारी द्वारा यह जांच किया जाना अपेक्षित है कि क्या आयातक देश में समान उत्पाद की कीमत की तुलना में पाटित आयातों द्वारा अत्यधिक कीमत कटौती हुई है अथवा ऐसे आयातों का प्रभाव अन्यथा अत्यधिक मात्रा में कीमतों में अवमूल्यन या कीमत वृद्धि जो कि अन्यथा काफी अधिक हुई होती, को राकने के रूप में हुआ है ।

96. हितबद्ध पक्षकारों ने तर्क दिया है कि घरेलू उद्योग का उत्पादन लम्बे समय तक बाधित रहा था जिसस उनका समग्र निष्पादन प्रभावित हुआ है आर यदि वे पूरे वर्ष उत्पादन कर पाए होते तो परिस्थिति भिन्न होती । प्राधिकारी न कच्ची सामग्री की आपूर्ति मं बाधा और क्षति संबंधी मापदंडों पर इसके प्रभाव की जांच की है । उत्पादन सुविधा और सहयोगी निर्यातक की कच्ची सामग्री की प्राप्ति की जांच से इस तर्क का समर्थन होता है कि इन महत्वपूर्ण कच्ची सामग्रियों की आपूर्ति का एकल स्रोत इस उद्योग का मानक प्रतिमान है । वस्तुतः डीएसएम के मामले में इन कच्ची सामग्रियों की आपूर्ति दीर्घावधि संविदा के आधार पर उसी स्थान पर स्थित उत्पादक द्वारा की जाती है । अतः आपूर्तिकर्ता की ओर से रखरखाव या ब्रेक डाउन के कारण किसी बाधा के होने पर ईपीडीएम उत्पादकों पर प्रभाव पड़ना आवश्यंभावी है । यह भी देखा गया हे कि इस प्रकार के उद्योग में वर्ष में लगभग 4 सप्ताह के लिए रखरखाव संबंधी कार्यबंदी सामान्य तकनीकी अपेक्षा है । तथापि, जांच अवधि के दौरान ऐसी बाधा के प्रभाव को उचित रूप से अलग करने के लिए घरलू उद्योग के उत्पादन एवं बिक्री के आंकड़ों का बहिर्वेशन (उस अवधि की क्षतिपूर्ति के लिए जिसमें उत्पादन नहीं हुआ, औसत मासिक उत्पादन के आधार पर) किया गया है ताकि बहिर्वेशित आंकड़े की तुलना पिछले वर्ष के आंकड़े की प्रवृत्ति से की जा सके ।

97. क्षति एवं कारणात्मक संबंध के प्रयोजनार्थ जैसा कि ऊपर विचार- विमर्श किया गया है, घरेलू उद्योग पर संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु के पाटित आयातों के मात्रात्मक तथा कीमत प्रभाव और कीमतों एवं लाभप्रदता पर उसके प्रभाव की जांच करने के लिए संबद्ध देशों/क्षेत्रों से पाटित आयातों का संकलित कर लिया गया है ताकि पाटन एवं क्षति के बीच क्षति की उपस्थिति तथा कारणात्मक संबंध, यदि कोई हो, की जांच की जा सके । चूंकि घरेलू उद्योग में अपने दिनांक 22 अगस्त, 2005 के पत्र के माध्यम से अपने अगोपनीय प्रस्तुतीकरणों में कई क्षति संबंधी सूचनाओं को प्रकट किया है अतः उन्हें इस निष्कर्ष में रिपोर्ट किया गया है ।

(क) मात्रात्मक प्रभावः पाटित आयातों का मात्रात्मक प्रभाव और घरलू उद्योग पर प्रभाव

98. संबद्ध देशों/क्षेत्रों से पाटित आयातों तथा अन्य देशों से पाटित आयातों के मात्रात्मक प्रभाव की जांच निम्नानुसार की गई है -

I) **आयात मात्राएं एवं संबद्ध देशों का हिस्साः**

99. क्षति जांच के प्रयोजनार्थ प्राधिकारी ने डीजीसीआईएंडएस के आयात आंकड़ों, सहयोगी निर्यातकों के निर्यात आंकड़ों और घरेलू उद्योग द्वारा उपलब्ध कराए गए गौण स्रोतों के आंकड़ों की जांच की है । जैसा कि पहले नोट किया गया, प्राधिकारी के पास उपलब्ध सर्वोत्तम विश्वासयोग्य सूचना के रूप में डीजीसीआईएंडएस आयात आंकड़ों को इस क्षति विश्लेषण के लिए अंगीकार किया गया है, हालाँकि हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए आंकड़ों के अनुसार कुछ स्रोतों से आयात मात्राएं अधिक हो सकती हैं । इन आंकड़ों के आधार पर संबद्ध देशों/क्षेत्रों की आयात मात्रा निम्नानुसार है -

देश				मात्रा मी. टन में
आयात	**2001-02**	**2002-03**	**2003-04**	**जांच अवधि**
संबद्ध देश/क्षेत्र				
ईयू	**2655.740**	**1821.661**	**2615.471**	**3276.954**
यूएसए	**810.944**	**936.950**	**1700.831**	**2180.799**
ब्राजील	**211.517**	**225.786**	**472.020**	**441.322**
चीन	**36.050**	**2.105**	**230.129**	**228.950**
कुल संबद्ध देश/क्षेत्र	**3714.251**	**2986.502**	**5018.451**	**6128.025**
प्रवृत्ति	**100**	**80.41**	**135.11**	**164.99**
अन्य	**1575.102**	**824.980**	**347.400**	**272.997**
प्रवृत्ति	**100**	**52.38**	**22.06**	**17.33**
कुल आयात	**5289.353**	**3811.482**	**5365.851**	**6401.022**
प्रवृत्ति	**100**	**72.06**	**101.45**	**121.02**

100. उपरोक्त आंकड़े दर्शाते हैं कि हालांकि भारत को किए गए आयात आधार वर्ष की तुलना में लगभग 21% तक बढ़े हैं और वस्तु देशों से हुए आयातों में लगभग 65% की वृद्धि दर्ज की गई है । जांच अवधि में अलग-अलग देशों से आयात की मात्रा में भी पर्यापत वृद्धि हुई है ।

101. मांग और बाजार हिस्से में हुई वृद्धि के संबंध में आयातों की मात्रा में हुई वृद्धि का भी विशलेषण किया गया है ।

	2001-02	**2002-03**	**2003-04**	**जांच अवधि**
घरेलू बिक्रियां	3415.00	4732	4734.129	4162.119
प्रवृत्ति	100.00	138.57	138.63	121.88
कैप्टिव खपत	19.773	46.82	36.41	27.15
वस्तु देशों के आयात	3714.25	2986.50	5018.45	6128.03
प्रवृत्ति	100.00	80.41	135.11	164.99
अन्य देशों के आयात	1575.10	824.98	347.40	273.00
प्रवृत्ति	100.00	52.38	22.06	17.33
कुल आयात	5289.35	3811.48	5365.85	6401.02
प्रवृत्ति	100.00	72.06	101.45	121.02
कुल मांग	8724.13	8590.30	10136.39	10590.30
प्रवृत्ति	100.00	98.47	116.19	121.39

102. उपरोक्त आंकडे घरेलू बाजार में संबद्ध वस्तु की मांग में हुई ठोस वृद्धि को दर्शाते हैं । चूंकि उत्पाद की कुल मांग आधार वर्ष की तुलना में 21% की वृद्धि दर्शाती हैं, संबद्ध देशों/क्षेत्रों से हुए आयातों में 65% से अधिक की वृद्धि प्रदर्शित होती है और वर्ष 2003-2004 के दौरान लाभप्रद वृद्धि दर्शाने के पश्चात जांच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की बिक्री में दुबारा कमी आई हैं । आधार वर्ष की तुलना में जांच अवधि में घरेलू उद्योग की बिक्रियों में वृद्धि केवल 22% है और समग्र रूप में पिछले वर्ष से बिक्रियों में लगभग 660 एमटी की कमी आई है । अन्य देशों से आयातों में पर्याप्त कमी आई है । प्राधिकारी नोट करते हैं कि वर्श के दौरान कोरिया और जापान के खिलाफ पाटनरोधी शुल्क लागू था और वर्ष 2003-2004 के दौरान जापान में डीएसएम की उत्पादन सुविधा बंद थी ।

(ii) मांग, उत्पादन ओर बाजार हिस्सा

(क) घरेलू उद्योग का उत्पादन

मात्रा एमटी में

	2001-02	2002-03	2003-04	जांच अवधि	समायोजित जांच अवधि*
क्षमता	10000	10000	10000	10000	10000
उत्पादन (स्थानीय)	*****	*****	*****	*****	
उत्पादन (निर्यात)	*****	*****	*****	*****	
कुल उत्पादन	3840.00	5023	5461.46	4464.63	5246.57
प्रवृत्ति	100.00	130.81	142.23	116.27	136.63
क्षमता उपयोग	38.40%	50.23%	54.61%	44.65%	52.47%
प्रवृत्ति	100.00	130.81	142.23	116.27	136.63

* जांच अवधि के लिए आंकड़ों को समायोजित किया गया है क्योंकि इस अवधि के दौरान प्रमुख कच्ची सामग्रियों की आपूर्ति में बाधा आने के कारण उत्पादन में कमी आई थी ।

103. वर्ष 2002-2003 और 2003-2004 के दौरान वसूली की प्रवृत्ति दर्शाने के पश्चात घरेलू उद्योग के उत्पादन और क्षमता उपयोग में कमी आई है । उपरोक्त आंकड़ें दर्शाते हैं कि आधार वर्ष की तुलना में जांच अवधि में हुए उत्पादन में लगभग 22% की वृद्धि हुई है लेकिन पिछले वर्ष की तुलना में पर्याप्त कमी आई है । तथापि, उत्पादन में आई कमी अंशतः आईपीसीएल के संयंत्र से मूल कच्ची सामग्री की गैर-उपलब्धता के कारण अप्रैल और अगसत, 2004 माह में उत्पादन का बंद होना है, जिस पर घरेलू उद्योग व्यापक रूप से आश्रित है । इसलिए, यदि अवधि के दौरान उत्पादन में कोई कमी नहीं आई होती तो आंकड़ों को संयंत्र के संभावित उत्पादन के आधार पर समायोजित किया गया होता । प्रो-रैटा आधार पर उत्पादन की मात्रा बढ़ने के पश्चात उत्पादन की मात्रा की तुलना पिछले वर्ष की आंकड़ो से की गई है । यद्यपि, इस अवधि के दौरान उपलब्ध पाटनरोधी संरक्षण के कारण आधार वर्ष की तुलना में सुधार आया है, समायोजित उत्पादन और क्षमता उपयोग के रूप में निष्पादन में भी कमी की प्रवृत्ति प्रदर्शित होती है ।

(ख) घरेलू उद्योग की बिक्रियां

मात्रा एमटी मे

बिक्रियां	2001-02	2002-03	2003-04	जांच अवधि	समायोजित जांच अवधि
घरेलू	3415.00	4732	4734.129	4162.119	4637.84
प्रवृत्ति	100.00	138.57	138.63	121.88	135.81

निर्यात	23.00	340	993	572.956	687.55
प्रवृत्ति	100.00	1478.26	4317.39	2491.11	2989.34
कैप्टिव खपत	*****	*****	*****	*****	*****
प्रवृत्ति	100.00	236.79	184.14	137.33	164.79
कुल बिक्रिया + कैप्टिव खपत	*****	*****	*****	*****	*****
प्रवृत्ति	100.00	148.04	166.68	137.73	154.95

104. आंकड़े दर्शाते हैं कि वर्ष 2002-2003 और 2003-2004 के दौरान पुनः प्राप्ति के चिन्ह दर्शाने के पश्चात घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्री में दुबारा कमी आई है । जांच अवधि के दौरान उत्पादन में कमी आने पर की गई समायोजित बिक्रियां भी पिछले वर्षों की तुलना में कमी दर्शाती हैं ।

(ख) मांग और बाजार हिस्सा

	2001-02	2002-03	2003-04	जांच अवधि	समायोजित जांच अवधि
घरेलू बिक्रियां	3415.00	4732	4734.129	4162.119	4994.54
प्रवृत्ति	100.00	138.57	138.63	121.88	121.88
कैप्टिव खपत	.....	.....	.....	.....	
संबद्ध देश आयात	3714.25	2986.50	5018.45	6128.03	6542.93
प्रवृत्ति	100.00	80.41	135.11	164.99	176.16
अन्य देशों के आयात	1575.10	824.98	347.40	273.00	431.47
प्रवृत्ति	100.00	52.38	22.06	17.33	27.39
कुल आयात	5289.35	3811.48	5365.85	6401.02	6974.40
प्रवृत्ति	100.00	72.06	101.45	121.02	131.86
कुल मांग	8724.13	8590.30	10136.39	10590.30	11966.10
प्रवृत्ति	100.00	98.47	116.19	121.39	139.65
मांग में हिस्सा					
घरेलू उद्योग	39.14%	55.09%	46.70%	39.30%	41.63%
प्रवृत्ति	100.00	140.72	119.31	100.40	106.36
संबद्ध देश	42.57%	34.77%	49.51%	57.86%	54.54%
प्रवृत्ति	100.00	81.66	116.29	135.91	156.88
अन्य देश	18.05%	9.60%	3.43%	2.58%	3.60%
प्रवृत्ति	100.00	53.19	18.98	14.28	37.45

105. जांच अवधि के आंकड़े दर्शाते हैं कि वष्र 2002 से 2004 के दौरान पर्याप्त बाजार हिस्सा प्राप्त करने के पश्चात घरेलू उद्योग ने संबद्ध देशों/क्षेत्रों से हुए पाटित आयातों से अपने बाजार हिस्से को दुबारा खोया है । वर्ष 2002-2003 में घरेलू उद्योग का बाजार हिस्सा 39% से बढ़कर 55% हो गया था और अगले वष्र से इसमें कमी आनी शुरू हो गई थी और यह आधार वर्ष के उसी स्तर तक पहुँच गया, जबकि जांच अवधि के दौरान संबद्ध देशों का बाजार हिस्सा 43% से बढ़कर 58% हो गया ।

106. समायोजित जांच अवधि के आंकड़े दर्शाते हैं कि हालांकि विचाराधीन उत्पाद की घरेलू मांग में आधार वर्ष की तुलना में लगभग 39% की वृद्धि हुई है लेकिन घरेलू उद्योग के कुल मांग हिस्से में जो आधार वर्ष में 39% से बढ़कर अगले वर्ष में 55% हो गया, जांच अवधि के दौरान 41% की कमी आइ है । इसी समय पर संबद्ध देशों से पाटित आयातों के हिस्से में, जो आधार वर्ष में 43% से घटकर अगले वर्ष 35% हो गया, जांच अवधि के दौरान 55% की वृद्धि हुई है, हालांकि अन्य स्त्रोतों से आयातों का हिस्सा नगण्य रहा है ।

(ख) घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों का कीमत प्रभाव

107. संबद्ध देशों/क्षेत्रों से हुए पाटित आयातों के कारण घरेलू उद्योग की कीमतों पर पड़े प्रभाव की कीमत कटौती कम कीमत पर बिक्री, कीमत न्यूनीकरण और कीमत ह्रास, यदि कोई हों, के संदर्भ में जांच की गई है । इस विश्लेषण के प्रयोजनार्थ घरेलू उद्योग की भारित औसत उत्पादन लागत, भारित औसत निवल बिक्री वसूली (एनएसआर) और क्षति रहित कीमत (एनआईपी) (घरेलू उद्योग की लागत सूचना का मानकीकरण करने के पश्चात निकाली गई) की तुलना संबद्ध देशों से आयातों की उत्तराई लागत के साथ की गई है ।

(i) कीमत कटौती और कम कीमत पर बिक्री के प्रभाव

रू./किग्रा.

	2001-02	2002-03	2003-04	जाच अवधि
घरेलू बिक्री कीमत	*****	*****	*****	*****
प्रवृत्ति	100	97.54	85.63	79.66
बनाने और बिक्री की लागत	*****	*****	*****	*****
प्रवृत्ति	100	96.84	93.19	96.31
पहुँच मूल्य				
ईयू	92.92	93.38	86.65	88.33
यूएसए	100.15	89.52	87.51	79.54
ब्राजील	111.07	98.86	88.21	88.13
चीन	84.62	168.68	75.22	73.01
संबद्ध देश	95.45	92.64	86.56	84.62
प्रवृत्ति	100	84.90	79.33	77.55
कीमत कटौती				
ईयू				*****
यूएसए				*****
ब्राजील				*****
चीन				*****
संबद्ध देश				*****
कीमत कटौती %				
ईयू				-0 to 10%
यूएसए				5 to 15%
ब्राजील				-0 to 10%
चीन				10 to 20%
संबद्ध देश				5 to 10%
एनआईपी				*****
कम कीमत पर बिक्री				
ईयू				*****
यूएसए				
ब्राजील				
चीन				*****
संबद्ध देश				*****
कम कीमत पर बिक्री %				
ईयू				25 to 35%
यूएसए				35 to 45%
ब्राजील				25 to 35%
चीन				50 to 60%
संबद्ध देश				30 to 40%

108. घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत (निवल बिक्री वसूली) आधार वर्ष की तुलना में महत्वपूर्ण कमी का दर्शाती है । बिक्री लागत से भी 2003-2004 तक कमी की प्रवृत्ति और जांच अवधि के दौरान मामूली वृद्धि प्रदर्शित होती है । लेकिन घरेलू उद्योग द्वारा बिक्री कीमत में कमी बनाने और बिक्री की लागत में कमी से लगभग 16% ज्यादा है ।

109. इसी समय पर संबद्ध देशों से आयातों के पहुंच मूल्य आधार वर्ष की तुलना में लगभग 23% की कमी को दर्शाते हैं । आयात कीत और घरेलू बिक्री कीमत की तुलना यह दर्शाती है कि आयात कीमतों में कमी घरेलू बिक्री कीमतों के मुकाबले ज्यादा तेज हैं ।

110. संबद्ध देशों/क्षेत्रों से हुए पाटित आयातों पर कीमत कटौती के प्रभाव का निर्धारण, जांच अवधि की समूची अवधि के दौरान संबद्ध देशें/क्षेत्रों से पाटित आयातों के भारित औसत पहुँच कीमत की तुलना उसी अवधि के लिए घरेलू उद्योग की भारित औसत निवल बिक्री वसूली के साथ करके, किया गया है । इस प्रयोजनार्थ, आयातों के पहूंच मूल्य का निर्धारण 1% हैंडलिंग प्रभार और संबद्ध देशों/क्षेत्रों से आयातों के सीआईएफ मूल्य पर लागू मूल सीमा शुल्क को जोड़कर किया गया है ।

111. घरेलू उद्योग की निवल बिक्री वसूली का निर्धारण करते हुए घरेलू उद्योग द्वारा प्रदत्त छूट, कटौती और कमीशन एवं देय केन्द्रीय उत्पाद शुल्क पर छूट दी गई है ।

112. कम कीमत पर बिक्री का निर्धारण करने के प्रयोजन से संबद्ध देशों/ क्षेत्रों से आयातों के भारित औसत पहुँच कीमतों की तुलना जांच अवधि के लिए निर्धारित घरेलू उद्योग की क्षति रहित बिक्री कीमत के साथ की गई है ।

113. जहां तक कीत कटौती का संबंध है, ईयू और ब्राजील से हुए आयातों में मामूली नकारात्मक कीमत कऔती हुई है जबकि अन्य शामिल देशों पर इस कटौती का पर्यापत प्रभाव पड़ा है । अतः, घरेलू उद्योग की कीमतों में पर्याप्त कटौती हुई है और इसलिए, कीमत कटौती से कीमत पर पड़ने वाले प्रभावों की स्पष्ट जानकारी नहीं मिलेगी ।

114. सभी संबद्ध देशों, अलग-अलग एवं संचयी रूप में, से हुए आयातों की पहुँच कीमत प्राधिकारी द्वारा निर्धारित घरेलू उद्योग की क्षति रहित कीमत से पर्याप्त कम पाई गई है जो घरेलू उद्योग पर कम कीमत पर बिक्री से हुए प्रभाव को दर्शाती है ।

(ii) पाटित आयातों पर कीमत न्यूनीकरण और कीमत ह्रास के प्रभाव

115. पाटित आयातों पर कीमत न्यूनीकरण/कीमत ह्रास के प्रभावों की संबद्ध देशों की उत्पादन लागत, निवल बिक्री वसूली और पहुँच कीमत के संदर्भ में जांच की गई है । क्षति जांच अवधि के दौरान संबद्ध वस्तु की उत्पादन लागत की प्रवृत्ति में पर्याप्त कमी और जांच अवधि के दौरान मामूली वृद्धि प्रदर्शित होती है । अतः घरेलू उद्योग की निवल बिक्री वसूली की प्रवृत्ति उत्पादन लागत की तुलना में तेजी से कम होती प्रदर्शित होती है । आयात कीत में भी तेजी से कमी आई है ।

116. उपरोक्त आंकड़े दर्शाते हौ कि अपने बाजार हिस्से को बनाए रखने के उद्देश्य से घरेलू उद्योग आयात कीमतों का मिलान करते हुए अपनी कीमतों में कटौती करने के लिए बाध्य हुए हैं ।

1.4 अन्य क्षति संबंधी मानदण्डों की जांच

117. घरेल उद्योग की मात्रा और कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव और प्रमुख क्षति संकेतकों जैसे घरेलू आयातों की मात्रा और मूल्य, क्षमता, क्षमता उपयोगिता और बिक्रिया और विभिन्न खण्डों के बाजार हिस्सों के साथ मांग की प्रवृत्ति की जांच करने के पश्चात प्राधिकारी द्वारा अन्य आर्थिक मानदण्डों, जो घरेलू उद्योग को हुई क्षति को दर्शाता हैं, का विश्लेषण किया गया है जो निम्नप्रकार से है :-

i) उत्पादकता पर वास्तविक एवं सभावित प्रभाव

विवरण	इकाई	2001-02	2002-03	2003-04	जांच अवधि	समायोजित जांच अवधि
कुल उत्पादन		3840.00	5023	5461.46	4464.63	5246.57
कर्मचारियों की सं.		*****	*****	*****	*****	*****
उत्पादकता	प्रति कर्मचारी	*****	*****	*****	*****	*****
सूचीबद्ध		100	128.31	147.00	136.68	160.62
उत्पादकता	एमटी/डीएवाई	*****	*****	*****	*****	*****
सूचीबद्ध		100	130.81	142.23	116.27	136.63

118. रोजगार में कमी आंई है और इसलिए कारोबार की श्रम उत्पादकता के रूप में मापी गई घरेलू उद्योग की उत्पादकता में पर्याप्त सुधार आया है । अतः वर्ष 2003-2004 में सुधार दर्शाने के पश्चात रोजमर्रा के कारोबार में कमी आई है ।

ii) लाभ एवं नकद प्रवाह पर वास्तविक एवं संभावित प्रभाव

विवरण	इकाई	2001-02	2002-03	2003-04	जांच अवधि
बिक्री लागत	रू./किग्रा.	*****	*****	*****	*****
सूचीबद्ध		100	96.84	93.19	96.31
बिक्री कीमत	रू./किग्रा.	*****	*****	*****	*****
सूचीबद्ध		100	97.54	85.63	79.66
लाभ/हानि	रू./किग्रा.	(*****)	(*****)	(*****)	(*****)
सूचीबद्ध		100	76.97	308.64	571.40
घरेलू बिक्रियों पर कुल लाभ/हानि	लाख रूपए	(*****)	(*****)	(*****)	(*****)
सूचीबद्ध		100	106.65	427.86	696.40
ह्रास	रू./किग्रा.	*****	*****	*****	*****
सूचीबद्ध		100	166.17	153.82	186.01
नकद लाभ/हानि	रू./किग्रा.	*****	*****	(*****)	(*****)
नकद लाभ/हानि	लाख रूपए	*****	*****	(*****)	(*****)
सूचीबद्ध		100	441.67	-153.84	-576.63

119. आंकड़े दर्शाते हैं कि कम्पनी को वर्ष 2002-2003 के दौरान अपने नकद लाभ में सुधार करने के पश्चात वर्ष 2003-2004 से दुबारा नकद हानि हुई और जांच अवधि के दौरान घरेलू बिक्रियों में प्रति इकाई हानि में वृद्धि होने के कारण नकद हानि में पर्याप्त वृद्धि हुई । बिक्री कीमत में आई पर्याप्त कमी घरेलू प्रचालन में कमी के परिणाम स्वरूप है ।

iii) रोजगार एवं मजदूरी

विवरण	इकाई	2001-02	2002-03	2003-04	जांच अवधि
कर्मचारी					
कर्मचारी की सं.	सं.	*****	*****	*****	*****
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	101.95	96.75	85.06
मजदूरी	लाख रू.	*****	*****	*****	*****
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	104.28	107.73	96.60
प्रति कर्मचारी वेतन	लाख रूपए	*****	*****	*****	*****
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	102.28	113.51	115.77

120. रोजगार स्तर में महत्वपूर्ण कमी आई है इसीलिए कुल मजदूरी में भी कमी आई है यद्यपि आधार वर्ष की तुलना में प्रति कर्मचारी मजदूरी में वृद्धि हुई है ।

iv) निवेश पर प्राप्ति और पूंजी जुटाने की क्षमता

विवरण		2001-02	2002-03	2003-04	जाच अवधि
लगाई गई पूंजी (एनएपुए + कार्यशील पूंजी)	रू./किग्रा.	*****	*****	*****	*****
सूचीबद्ध		100	77.19	68.67	65.05
लाभ	रू./किग्रा.	(*****)	(*****)	(*****)	(*****)
सूचीबद्ध		100	76.97	308.64	571.40
ब्याज	रू./किग्रा.	*****	*****	*****	*****
सूचीबद्ध		100	76.48	72.26	45.62
पीबीआईटी	रू./किग्रा.	*****	*****	(*****)	(*****)
सूचीबद्ध		100	76.30	-12.45	-142.80
लगाई गई पूंजी पर प्राप्ति	%	3.48%	4.49%	-0.90%	-8.87%
सूचीबद्ध		100	129.31	-25.79	-255.22

121. घरेलू उद्योग के वित्तीय निष्पादनों का इसके नकद लाभ और निवेश पर प्राप्ति के रूप में भी विश्लेषण किया गया है । आधार वर्ष के साथ तुलना करने पर लगाई गई पूंजी और घरेलू प्रचालनों से हुए लाभ पर्याप्त कमी को दर्शाते हैं । वर्ष-दर-वर्ष आधार पर तुलना करने पर आंकड़े दर्शाते हैं कि वर्ष 2002-2003 में पर्यापत वसूली के बाद, कम्पनी की वित्तीय निष्पादन की स्थिति काफी खराब नहीं है जिसका एक कारण संबद्ध देशों से हुए पाटित आयातों के दबाव के कारण कीमतों में कमी भी रहा है ।

(V) निवेश

122. प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने व्यवसाय में आगे कोई पूंजी का निवेश नहीं किया है और संयंत्र की क्षमता 1000 एमटी स्तर तक बनी रही है । जांच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग द्वारा आगे कोई नया निवेश नहीं किया गया है और आगे भी निवेश करने की कोई योजना नहीं है जैसाकि उनके द्वारा प्रस्तुत किया गया है ।

(vi) पाटन की मात्रा

123. पाटन की मात्रा, घरेलू उद्योग को पाटित आयातों से हुई क्षति की सीमा के एक संकेतक के रूप में, दर्शाती है कि जांच अवधि के लिए नामित देशों/क्षेत्रों के खिलाफ निर्धारित पाटन मार्जिन पर्याप्त है ।

(vii) कीमत पर प्रभाव वाले कारक

124. पाटित आयातों से अन्य कारकों का विश्लेषण करने के लिए लागत ढांचे में परिवर्तन, घरेलू उद्योग में प्रतिस्पर्धा और प्रतिस्पर्धात्मक प्रतिस्थापन कीमतों की जांच की गई है, जो घरेलू उद्योग की कीमतों पर प्रभाव डाल सकते हैं । प्राधिकारी नोट करते हैं कि इस उत्पाद का कोई व्यवहार्य प्रतिस्थापन नहीं है और मैसर्स यूनीमर्स इंडिया भारत में संबद्ध वस्तु का अकेला उत्पादक है । इसलिए, घरेलू प्रतिस्पर्धा से कीमतों पर प्रभाव नहीं पड़ता है । संबद्ध देशों से हुए पाटित आयात घरेलू उत्पाद के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए पाए गए हैं और इससे घरेलू बाजार में कीमत प्रभावित हुई हैं ।

125. हितबद्ध पार्टियों ने घरेलू उद्योग के उत्पादों की गुणवत्ता और कार्य निष्पादन और साथ ही आपूर्ति में अनियमितताएं के मुद्दों को उठाया है जो घरेलू उद्योग को प्रभावित करती हैं । तथापि, जैसाकि पहले नोट किया गया है, मुद्दों की विस्तृत जांच की गई है और वास्तविक तथ्य यह है कि आवेदक ने उन्हीं उपयोक्ताओं को घरेलू बाजार में उक्त उत्पादन की अधिकांशतः 5000 एमटी बेची है जो इन तर्कों को अधिकतम सीमा तक खारिज करती हैं ।

(viii) स्टॉक

विवरण	इकाई	2001-02	2002-03	2003-04	जांच अवधि
रखा गया औसत स्टॉक	एमटी	331.3445	474.6215	275.7325	221.38
सूचीबद्ध		100	143.24	58.10	46.64
उत्पादन के % के रूप में स्टॉक		8.63%	9.45%	5.05%	4.96%
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	109.51	53.43	52.48

126. घरेलू उद्योग के स्टॉक संबंधी आंकड़े रखे गए स्टॉक में पर्याप्त कमी को दर्शाते हैं । अतः स्टॉक में आई कमी मुख्यतः जांच अवधि की विस्तार अवधि में उत्पादन मे आई कमी और निर्यातों में हुई वृद्धि के कारण हैं ।

झ.5 अन्य ज्ञात कारक तथा कारणात्मक संबंध

झ.5.1 हितबद्ध पक्षकारों के विचार

127 जैसा कि पूर्व में नोट किया गया है कि हितबद्ध पक्षकारों ने यह दलील दी है कि पाटथ्त आयात घेलू उद्योग को हुई किसी क्षति के लिए जिम्मेवार नहीं है । उन्होंने यह दलील बारम्बार दी है कि घरेलू उद्योग कच्चे माल की खरीद में अपने प्रमुख कच्चे माल के लिए केवल एक स्रोत पर निर्भर है । कच्चा माल आपूर्तिकर्त्ता द्वारा मशीन खराब होने तथा रख-रखाव के लिए तथा कामबंदी की स्थिति में कंपनी को उत्पादन निलंबित करना पड़ता है । कंपनी के प्रचालक के एक दशकसे अधिक के बावजूद, कंपनी कोई वैकल्पिक योजना बनाने में समर्थ नहीं हो सकी तथा इसे अनिवार्य बाध्यता के रूप में माना है । घरेलू उद्योग कच्चे माल की खरीद में आई समस्याओं के बार-बार अपने उपभोक्ताओं को वचनबद्ध आपूर्ति अनुसूचियों को पूरा करने में समर्थ नहीं है । इसलिए ई पी डी एम का एक बहुत विश्वसनीय स्रोत न होने के कारण इस उत्पाद के प्रयोक्ताओं को आपूर्ति के मोर्चे पर अपनी कड़ी वचनबद्धताओं के कारण आयात करने का आश्रय लेना पड़ा, विशेषकर आटोमोबाइल खण्ड में, जो बिल्कुल समय पर भंडार सूची के आधार पर प्रचालित होता है । उन्होंने दलील दी है कि घरेलू उद्योग तथा संबद्ध देशों में निर्यातकों के बीच उत्पादन की लागत तथा अन्य दक्षताओं के मध्य वास्तविक अंतर है तथा कार्यशील पूंजी की अनुपलब्धता के कारण घरेलू उद्योग अपनी उत्पादन योजना को अखण्ड रखने में समर्थ नहीं है । इसलिए यह तर्क दिया गया है कि करार के अनुच्छेद 3.5 के अनुसार, घरेलू उद्योग को हुई क्षति पाटित आयातों से इतर कारकों के कारण है तथा पाटित आयातों को जिम्मेदार नहीं माना जा सकता ।

128. हितबद्ध पक्षकारों ने अपने प्रकटन पश्चात अनुरोधों में अन्य बातों के साथ-साथ यह दलील दी है कि

- घरेलू उद्योग को हुई क्षति अवमूल्यन नीति मे परिवर्तन तथा उत्पादन में घाटे जैसे अनेक मात्रात्मक मानदण्डों के कारण है जो क्षति विश्लेषण में कारक माने जाने चाहिए । उन्होंने तर्क दिया है कि कंपनी में उत्पादों की वृहत श्रृंखला के उत्पादन का अनुमान किया है जबकि उनके द्वारा केवल कुछेक ग्रेडों का उत्पादन किया जाता है । इसलिए आवेदक की उनके द्वारा इंगित क्षमता से अधिक उत्पादन करने में समर्थ होना चाहिए । उपर्युक्त के मद्देनजर, प्राधिकारी को यह जांच करनी चाहिए कि आवेदक क्यों कमतर क्षमता उपयोग प्राप्त कर रहा है ।
- कि घरेलू उद्योग तथा संबद्ध देशों में निर्यातकों के बीच उत्पादन की लागत तथा अन्य दक्षताओं के मध्य वास्तविक अंतर है ।
